CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 15°C

देहरादून, गुरुवार 2 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 13 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़ेगा हर किसान पेज 2



श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास मुकाबला, किसकी होगी जीत सम्पादकीय



ईरान जंग में शामिल हो सकता है यूएई पेज 12

# स्कूल बस की टक्कर से पिता व दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी ( मुजफ्फरनगर )।** बुधवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसे में पिता और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ है। हादसे में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसे के वक्त बस में स्कूली छात्राएं मौजूद थी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर बस को लेकर खेत में घुस गया, जहां लोगों ने उसे पकड़ लिया। हादसा तितावी थाना क्षेत्र में हैदरनगर जलालपुर गांव पुल के पास हुआ।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर-जलालपुर निवासी महिपाल उर्फ पापन (40) पुत्र प्रकाश कश्यप बुधवार दोपहर डेढ़ बजे के लगभग अपनी पत्नी पूनम और 5 साल के बेटे अभि और 8 साल की बेटी राधिका के साथ बघरा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर लगने वाले चौदस के मेले के दौरान पूजा करने जा रहे थे। जब उक्त बाइक सवार गांव से आधा किलोमीटर चले ही थे कि इसी बीच तेजी -शेष पृष्ठ दो पर





**पत्नी गंभीर रूप से घायल, बाइक पर सवार होकर पूजा करने जा रहा था परिवार, बस चालक गिरफ्तार**

# अमेरिकी सैनिक दो-तीन हफ्ते में ईरान छोड़ देंगे

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है।

इसी उग्र हालात के बीच अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा। अपने बयान में ट्रम्प ने आगे कहा कि अगले दो से तीन हफ्तों के अंदर अमेरिकी सेना वहां से निकल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल और गैस लेने वालों अन्य देशों जैसे फ्रांस या चीन को अब खुद संभालना होगा। अमेरिका वहां किसी और चीज में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कट्टर और खतरनाक लोगों को नष्ट कर दिया और क्षेत्र अब अपेक्षाकृत सुरक्षित है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार ईरान के साथ बातचीत भी कर रही है, लेकिन -शेष पृष्ठ दो पर



**ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा, एक माह से जारी जंग के बीच आया ट्रम्प का बयान**

### ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रम्प का साथ, होर्मुज स्ट्रेट पर बुलाई 35 देशों की बैठक

**लंदन।** पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इजरायल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आसपास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी संग्रह मार्च में 8.8% बढ़कर दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च 2026 में सालाना 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2,00,064 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह में एक साल पहले के मुकाबले 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 22,27,096 करोड़ रुपये हो गया। मार्च के जीएसटी संग्रह में घरेलू राजस्व का योगदान 1,46,202 करोड़ रुपये रहा। इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयात पर जीएसटी से प्राप्त राजस्व 17.8 फीसदी बढ़कर 53,861 करोड़ रुपये पर रहा। जीएसटी के तहत मार्च में 22,074 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया जिससे शुद्ध राजस्व संग्रह 1,77,990 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### यूपी में तेज बारिश, ओले भी गिरे

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे। उधर मप्र में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

### गांदरबल मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने कल रात से जारी मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकी को मार गिराया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के अनुसार यह आतंकवादी गांदरबल के अराहामा इलाके में मंगलवार शाम को शुरू किए गए एक अभियान के दौरान मारा गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर बताया, 31 मार्च की रात को, रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से फिर से व्यवस्थित किया गया। हमारे जवानों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकी मारा गया। अभियान अभी भी जारी है। मारे गए आतंकवादी की पहचान और वह किस संगठन से जुड़ा था, इसकी जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई है।

# बंगाल में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## शीर्ष अदालत ने कहा: ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए

**60 में से 47 लाख आपत्तियों का हुआ निपटारा, हाईकोर्ट ने दी जानकारी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि मंगलवार तक 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर

### भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे से संबंधित याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी शिकायतों और साक्ष्यों की मांग को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख करे। मामले को लेकर वकील विष्णु शंकर जैन ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भोजशाला मामले के संबंध में, आज मौला कमालुद्दीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर की गई थी। इस याचिका में मुख्य मांग यह थी कि एएसआई सर्वे के संबंध में 11 मार्च, 2024 के कोर्ट के आदेश के पालन में की गई वीडियोग्राफी की एक कॉपी उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए।



### CISF अफसर की बर्खास्तगी मामले में केंद्र को फटकार 25 हजार का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक सीआईएसएफ अफसर की बर्खास्तगी से जुड़े मामले में केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि इस मामले में केंद्र की अपील गैरजरूरी थी और उस पर 25 हजार का जुर्माना लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अधिकारी को दी गई सजा अनुपातहीन थी। कोर्ट ने उसे राहत देते हुए बैक वेज देने का भी आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि सरकार सबसे बड़ी मुकदमेबाज है और जब हाईकोर्ट ने राहत दे दी थी, तो सुप्रीम कोर्ट आने की जरूरत नहीं थी। मामले में सीआईएसएफ अधिकारी पर 11 दिन ड्यूटी से अबसेंट रहने और अपने भाई के साथ एक महिला के भागने में मदद करने के आरोप थे। हालांकि हाईकोर्ट ने पाया कि अधिकारी मेडिकल लीव पर था और महिला ने भी कहा कि उसे कोई शिकायत नहीं है।

# LIC को 3750 करोड़ का नुकसान पहुंचाने में अनिल अंबानी की कंपनी पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसके प्रमोटर अनिल अंबानी और कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है।

यह जांच ऐसे समय में शुरू हुई है जब अनिल अंबानी पहले से ही कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ भारी धोखाधड़ी के मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों के बयान के अनुसार, यह नया मामला एलआईसी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। इसमें साजिश, धोखाधड़ी, पैसों की हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिसंपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए। इन भ्रामक जानकारियों के आधार पर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर खरीदने के लिए धोखे से प्रेरित किया गया। एलआईसी की यह शिकायत बीडीओ इंडिया एलएलपी की ओर से 15 अक्टूबर, 2020 को की गई एक फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है। इस रिपोर्ट में कंपनी के वित्तीय संचालन में कई गंभीर गड़बड़ियों को उजागर किया गया है। बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुटाए गए धन का दुरुपयोग किया गया और सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी हेराफेरी की गई। शेल संस्थाओं और इंटर-कंपनी डिपॉजिट्स के जरिये धन को सुनियोजित तरीके से बाहर निकाला गया। फर्जी बिलों की छूट, फर्जी देनदारों का निर्माण और फिर उन्हें बट्टे खाते में डालने जैसे कदम उठाए गए। सुरक्षा परिसंपत्तियों को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जिससे कंपनी की संपत्ति और उन पर लगाए गए प्रभार के बीच भारी अंतर पैदा हो गया। इस पूरे मामले का प्रभाव केवल एलआईसी तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का व्यापक बैंकिंग सेक्टर भी इसके दायरे में है। सीबीआई ने इससे पहले आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ बैंकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई 11 बैंकों के उस कंसोर्टियम का प्रमुख बैंक है, जिसने अनिल अंबानी समूह को कर्ज दिया था। 2013-17 के दौरान समूह की संस्थाओं के बीच जटिल लेन-देन के जरिये लोन फंड्स का डायवर्जन किया गया। 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कुल 19,694.33 करोड़ रुपये के एक्सपोजर में से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था।



**अनिल अंबानी कई बैंकों के साथ धोखाधड़ी मामले में कर रहे कानूनी कार्रवाई का सामना**

# प्रीमियम डीजल 1.50 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर ₹195 तक महंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेज उछाल को देखते हुए देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार को अपने प्रीमियम डीजल की कीमत में 1.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी।

दिल्ली में इंडियन ऑयल का प्रीमियम डीजल 'एक्सजी' बुधवार से 92.99 रुपये प्रति लीटर का मिल रहा है। इससे पहले इसकी कीमत 91.49 रुपये प्रति लीटर थी। इस प्रकार इसमें डेढ़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उसके बाद, दिल्ली में एक्सपी 95 101.89 रुपये प्रति लीटर का बिक रहा है। वहीं तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 7 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गई थी।

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल बना महंगाई का कारण**

### विमान ईंधन में आंशिक वृद्धि

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमतों में 115 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी के कुछ ही देर बाद घरेलू विमान सेवा कंपनियों को राहत देते हुए उनके लिए सिर्फ आंशिक वृद्धि करने का फैसला किया। सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप के बाद घरेलू एयरलाइंस को यह राहत दी गई है। दिल्ली में 01 अप्रैल से विमान ईंधन की कीमत 96,638 रुपये प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 2,07,341 रुपये प्रति किलो लीटर कर दी गई थी। दूसरे शहरों में भी लगभग इसी अनुपात में दाम बढ़ाए गए थे।

### दो जहाज 94000 टन एलपीजी लेकर पहुंचे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से रसोई गैस लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यूटीवाईआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यूईएलएम एक अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।







# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाले 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2026' को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक पर करीब दो घंटे चर्चा चली जिसमें 13 से ज्यादा सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव इसमें रखे हैं और लगभग सभी सदस्यों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने को लेकर आंध्र प्रदेश विधानसभा ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था उस प्रस्ताव में अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के लिए नामित कर अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 2015 में इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए कहा था कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी। इस संबंध में गत 28 मार्च को एक प्रस्ताव केंद्र सरकार ने पारित किया जिसमें अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में वैधानिक दर्जा देने के लिए यह पुनर्गठन संशोधन विधेयक लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में प्रावधान है कि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती होगी। आंध्र प्रदेश विधानसभा के संकल्प को प्रभावी बनाने और प्रदेश की राजधानी अमरावती को वैधानिक रूप देने के लिए कुछ संशोधनों के साथ यह विधेयक लाया गया है। इस विधेयक के पारित होने से अमरावती आंध्र प्रदेश की वैधानिक राजधानी होगी।



**13 से ज्यादा सदस्यों ने रखे अपने महत्वपूर्ण सुझाव, सभी ने किया समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक सीएनजी वाहनों को योगी ने दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में नगर निगम के 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल प्रदेश सरकार के स्वच्छता अभियान और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य 'जीरो वेस्ट से जीरो कार्बन एमिशन' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में उप्र स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति सजग शहरी विकास का मॉडल बन रहा है।

### हजरतगंज थाना पहुंचीं नेहा राठौर

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया में टिप्पणी करने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने बुधवार को अपने पति हिमांशु सिंह के साथ हजरतगंज थाने पहुंच कर बेल बॉन्ड की औपचारिकता पूरी की। नेहा सिंह उच्चतम न्यायालय से अग्रिम जमानत मिलने के बाद हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं थी। नेहा सिंह के पति हिमांशु ने बताया कि थाने में एसएचओ के मौजूद न होने के कारण प्रक्रिया तत्काल पूरी नहीं हो सकी, जिससे उन्हें कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। बाद में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। गौरतलब है कि नेहा सिंह राठौर को 10 मार्च को उच्चतम न्यायालय से अग्रिम जमानत मिली थी। शीर्ष अदालत की पीठ, जिसमें जस्टिस जे-के- महेश्वरी और जस्टिस ए-एस- चंदुरकर शामिल थे, ने उन्हें राहत देते हुए कहा था कि वह पहले ही जांच एजेंसियों के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज करा चुकी हैं।

# यूपी में दो दिन बाद फिर मौसम का यू-टर्न

## तीन, चार व पांच अप्रैल को फिर बारिश व हवाओं के साथ आंधी का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में पश्चिमी संभाग में कहीं-कहीं बादल गरजे और हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम सूखा रहा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के दोनों संभागों में कहीं-कहीं झोंकेदार हवा भी दर्ज की गई। प्रदेश में झोंकों के साथ हवा की अधिकतम गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा गौतम बुद्ध नगर और संभल में दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 29 मार्च को सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, जिसके कारण आने वाले 48 घंटे तक मौसम ड्राई बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि एक नया पश्चिम विक्षोभ 3 अप्रैल को सक्रिय हो रहा है। जिसके कारण 3 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश और 4-5 अप्रैल को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मंगलवार देर रात से ही बादलों की आवाजाही शुरू हुई और देर रात करीब 12 बजे के बाद हल्की बारिश होने लगी।

बारिश के साथ-साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवा भी चली। तेज रफ्तार हवा और बारिश से रात में मौसम ठंडा हो गया। बारिश रुक-रुककर जारी रही और बुधवार सुबह के समय भी बारिश होती रही। तेज रफ्तार हवाओं के चलने से कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। मंगलवार को उत्तर प्रदेश का बांदा सबसे अधिक गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान बिजनौर जिले में 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि सामान्य है। बीते शाम को हुई रिमझिम के बाद मेरठ के मौसम में बदलाव है। हालांकि सुबह से धूप खिली है, बीते कई दिनों से मौसम में कई बदलाव देखने को मिला है।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यालय मेरठ परिसर में स्थित मौसम विभाग की तरफ से आज के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक पीके शाही ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ फिर एक बार सक्रिय हो रहा है, जिस वजह सेमौसम में यह परिवर्तन के चलते तेज हवाओं के साथ साथ धूल भरी आंधी भी आ सकती है।

# यूजीसी को लेकर सवर्ण मोर्चा ने डिप्टी सीएम के आवास पर शंख बजाकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के विरोध में बुधवार को लखनऊ में सवर्ण मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शंख बजाकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए यूजीसी के नियमों को ष्काला कानूनष करार दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार से सवाल किया कि आखिर ऐसे नियम लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी, जिनसे सामान्य वर्ग के छात्रों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूजीसी के नए नियम छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय हैं और इन्हें किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया और उनकी बातों को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वयं सामान्य वर्ग से आते हैं और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उनके इस बयान के बाद प्रदर्शनकारियों का आक्रोश कम हुआ और उन्होंने शांतिपूर्वक प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस प्रदर्शन में संगठन के संयोजक संदीप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिनव नाथ त्रिपाठी और बसंत सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भाजपा सरकार में कुशल अधिकारियों की अहमियत नहीं



**लखनऊ।** यूपी काडर के वर्ष 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिकू सिंह राही के सेवा से इस्तीफा दिए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। यादव ने कहा है कि कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं है। भाजपा में तो उनकी पूछ है जिनकी चोरी के पैसों की ही चोरी हो जाती है या जो निवेश तक में 5 फीसद का प्रवेश शुल्क वसूल लेते हैं। बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि हर अच्छे अधिकारी से हमारी मांग है कि भावावेश में कोई फैसला न करें, बुरे दिन जाने वाले हैं। पीडीए सरकार आएगी और सबको उचित मान-सम्मान-स्थान देगी क्योंकि पीडीए की सरकार जनता की सरकार होगी, जो समस्याओं के समाधान व असमानताओं को दूर करने के लिए सच में विकास के काम करेगी।

# नोएडा के किसानों का भूमि अधिग्रहण मुआवजा बढ़ाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 44 साल पुराने मामले में सुनाया फैसला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1976 में नोएडा जमीन अधिग्रहण मामले में एक बड़ा और किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने किसानों को जमीन का मुआवजा 6 रुपए प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 28.12 रुपए प्रति वर्ग गज करने का आदेश दिया है। 44 साल पुराने इस मामले में नोएडा के मोरना, परगना और तहसील दादरी की जमीनें शामिल हैं। यह क्षेत्र पहले गाजियाबाद जनपद का हिस्सा था, जो अब नोएडा में आ चुका है।

सिंगल बेंच में जस्टिस संदीप जैन ने इस पूरे मामले में सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अजय पाल सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य के मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। फैसले के बाद किसानों में खुशी की लहर है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में कलेक्टर और रेफरेंस कोर्ट का अवार्ड 30 अप्रैल 1982 से पहले दिया गया था, इसलिए अधिग्रहण अधि. नियम में संशोधन के अनुसार अपीलकर्ता 30 प्रतिशत की दर से बढ़ा हुआ मुआवजा पाने के हकदार नहीं हैं।

किसान अपनी अधिग्रहित भूमि के लिए केवल 15 प्रतिशत की दर से बढ़ा हुआ मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह जमीन भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के तहत 1 जून 1976 को जारी अधिसूचना के माध्यम से अधिग्रा. हत की गई थी।

## एक पहचान से मिलेगा सभी सरकारी योजनाओं का लाभ: योगी

# उप्र में फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ेगा हर किसान

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे प्रशासन को निभानी होगी सक्रिय भूमिका: सीएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और एकीकृत तरीके से उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की योजनाओं को इस रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं में यदि किसी लाभार्थी के नाम या अभिलेखों में त्रुटि या असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। हर पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना भी अनिवार्य किया जाए। सरकार ने कृषि विभाग को निर्देश दिया है कि वह फार्मर रजिस्ट्री से सभी योजनाओं को जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था तय समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 1 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाएं। इसके माध्यम से चयन व वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर 31 मई 2026 तक अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग की व्यवस्था लागू करें।

### बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों के बीच पहुंची सरकार, योगी ने पूछा हाल

**लखनऊ।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि मौसम की मार झेल रहे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को समयबद्ध ढंग से मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। योगी ने राजस्व एवं कृषि विभाग के साथ बीमा कंपनियों को संयुक्त सर्वे करने के निर्देश देते हुए कहा कि फसल क्षति का आंकलन तेजी से पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि मुआवजा वितरण में देरी न हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 73134.32
निफ्टी 22679.40



सोना 150000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट सुलझने की उम्मीद में सेंसेक्स 1,187 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



पश्चिम एशिया में एक महीने से चल रहे ईरान युद्ध के सुलझने की उम्मीद में बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और बीएसई का संसेक्स 1,186.77 अंक (1.65 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 73,134.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारतीय समय के अनुसार गुरुवार सुबह राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उनके संबोधन में ईरान युद्ध की जल्द समाप्ति का रोडमैप दिखने की उम्मीद में आज दुनिया भर में निवेशक लिवाल रहे और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.08 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.33 प्रतिशत उछल गया। फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सार्वजनिक बैंकों, धातु, आईटी, रसायन, रियलटी, ऑटो, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर पौने सात प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इंडिगो में भी छह फीसदी से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स में करीब साढ़े पांच प्रतिशत और बीईएल में साढ़े तीन प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक और इटरनल के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच चढ़े। एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाइटन, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और इंफोसिस के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक ऊपर रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, आईटीसी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए।

### सोना 1.50 लाख पर पहुंचा चांदी 2.39 लाख/किलो

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,836 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी भी 9,348 रुपए बढ़कर 2.39 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 16,374 रुपए और चांदी 9,063 रुपए महंगी हुई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1. 76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का अक्लटाइम हाई भी बनाया था। 28 फरवरी को अमेरिका और इजारयल की ईरान से जंग शुरू होने के बाद लगातार गिरावट देखी जा रही है। तब से सोना 9,528 रुपए और चांदी 27,217 रुपए गिर चुकी है। एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40 प्रतिशत) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है।

# गेहूं, चावल और चीनी के भाव गिरे, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक लजस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव तीन रुपये घटकर 3,865 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,790 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 24 रुपये टूट गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल औसतन 28 रुपये और उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल का भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। तुअर दाल की कीमत सात रुपये और चना दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल की 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 128 रुपये और सोया तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 60 रुपये और वनस्पति में 20 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल चना 7718.16 रुपये, मसूर काली 8104.67 रुपये, मूंग दाल 10162.05 रुपये, उड़द दाल 10814.17 रुपये, तुअर दाल 11255.80 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2790.50 रुपये और चावल 3865.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3276.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4306.05 रुपये और गुड़ 4995.63 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्कूल बस...** से सामने से आ रही कल्याणकारी कन्या इंटर कॉलेज जागाहेड़ी की बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार छात्राओं में चीख-पुकारमच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पूनम को अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बस चालक सुरेन्द्र निवासी काजीखेड़ा से पूछताछ की जा रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

**अमेरिकी सैनिक...** साथ ही सैन्य कार्रवाई भी जारी है। ईंधन की बढ़ती कीमतों पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि जैसे ही अमेरिका ईरान से बाहर निकलेगा, हालात सुधर जाएंगे और तेल की कीमतें भी गिर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपना काम लगभग पूरा कर चुका है और अगले करीब दो हफ्तों में ऑपरेशन खत्म कर सेना वापस बुला ली जाएगी। अमेरिकी सेना के बाद ट्रम्प ने अमेरिकी कंपनियों को ईरान से होने वाले खतरे को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में काम कर रही अमेरिकी कंपनियों को ईरान से कोई बड़ा खतरा नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ईरान ने सच में हमला करने या कंपनियों को उड़ाने की धमकी दी है? ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा और वह अमेरिकी कंपनियों पर हमला नहीं करेगा।

**बंगाल में...**जाएगा। वहीं, ममता बनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूच ी से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस मामले में अगली सुनवाई 7 अप्रैल को हो सकती है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। साथ ही पश्चिम बंगाल पुलिस के डीजीपी को एक पूरक हलफनामा दाखिल कर ये बताने को कहा गया था कि एसआईआर अधिकारियों को मिली धमकियों पर उन्होंने क्या कार्रवाई की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ एसआईआर की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, श्याम दीवान और गोपाल शंकरनारायनन और कल्याण बनर्जी अदालत में पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्रि नायडू पेश हुए।

# मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली इन टर्मिनल क्विक कॉमर्स सेवा शुरू

मुंबई, वार्ता

■ टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया

मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। इससे यात्रियों के लिए बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और पार्टनर आउटलेट्स सहित टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया है।

मुंबई हवाई अड्डे की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि डिलीवरी का काम प्रशिक्षित ऑन-ग्राउंड कर्मचारियों द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा किया जाता है, जिससे यात्रियों को एक सुरक्षित और सहज अनुभव मिलता है। इस सेवा के लिए अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ करार किया है। दोनों ने मिलकर छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के डोमेस्टिक डिपार्चर क्षेत्र में सेवा शुरू की है। यात्री अब ब्लिंकिट ऐप के जरिए जरूरी सामान ऑर्डर कर सकते हैं और उसे टर्मिनल के अंदर अपनी जगह पर मंगा सकते हैं। अडानी एयरपोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि अडानी एयरपोर्ट्स डिजिटल सेवाओं के जरिए एयरपोर्ट के अनुभव को बेहतर बनाने की नई कल्पना कर रहा है। टर्मिनल के अंदर ऐप-आधारित सुविधा लाकर हम यात्रियों को उनके समय का बेहतर उपयोग करने का मौका दे रहे हैं। इस सेवा में ट्रैवल एक्ससेरीज, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्नैक्स, किताबें, बेबी केयर और निजी जरूरत का सामान शामिल है। पैकेज्ड पानी, कोल्ड ड्रिंक्स और जूस आदि प्रोटोकॉल के अनुसार टर्मिनल के भीतर स्वीकृत इन्वेंट्री से ही लिए जाते हैं।

### यूपी में एक साल में 4,746 नई फैक्ट्रियां पंजीकृत

**लखनऊ।** उप्र में औद्योगिक. ीकरण की रफ्तार लगातार तेज बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 4,746 नई फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ है, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नया आयाम मिला है। अधिकारियों की मानें तो औद्योगिक विकास के मामले में पश्चिमी उप्र अन्य क्षेत्रों से आगे बना हुआ है। वर्ष 2017 के बाद स्थापित कुल 17,841 फैक्ट्रियों में से 10,895 इकाइयां पश्चिमी यूपी में स्थापित हुई हैं। इसके अलावा 3,526 फैक्ट्रियां मध्य यूपी, 3,205 पूर्वांचल और 215 बुंदेलखंड क्षेत्र में लगी हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में औद्योगिक विकास विभाग को 28,864-98 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। इसमें से अब तक 19,218 करोड़ की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

# लखनऊ कलेक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ सुरक्षा एजेंसियां पता लगाने में जुटीं

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को कलेक्ट्रेट आफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। हालांकि जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को मौके से कुछ भी नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले क्ुोत का पता लगाने में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि लखनऊ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के ऑफिस को ईमेल के जरिए बम से उघने की धमकी दी गई थी। ईमेल प्राप्त होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में हष्कंप मच गया। आनन फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद एसीपी पश्चिमी और वजीरगंज इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुच कर सघन तलाशी अभियान चलाया। डॉग स्क्वॉड की मदद से चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंच कर पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभियान के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु के न मिलने की पुष्टि हुई। ऐसे में पुलिस प्रशासन दोनों धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई है। साइबर सेल की टीम ईमेल आईडी, आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि धमकी देने वालों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। बीते सप्ताह लखनऊ के रीजनल पासपोर्ट ऑफिस और सुल्तानपुर के डाकघर को भी बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। इन दोनों स्थानों पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

# आईटीबीपी-औद्यानिक परिषद के बीच एमओयू

## उत्तराखंड में तैनात वाहिनियों के लिए ताजे फल एवं सब्जियों की होगी आपूर्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के अंतर्गत भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की उत्तराखंड में तैनात वाहिनियों के लिए स्थानीय उत्पादों (ताजे फल एवं सब्जियों) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड औद्यानिक परिषद और आईटीबीपी के मध्य हुए इस समझौता ज्ञापन को राज्य के किसानों, स्थानीय उत्पादकों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से राज्य में तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों को स्थानीय स्तर पर ताजे फल एवं सब्जियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे एक ओर हमारे जवानों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।




■ मुख्यमंत्री धामी और कृषि मंत्री जोशी रहे मौजूद

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल "स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा" देने के राज्य सरकार के संकल्प को सशक्त करेगी तथा किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए एक सुदृढ़ एवं स्थायी मंच प्रदान करेगी। इस व्यवस्था के तहत चमोली, उत्तरक. ाशी, पिथौरागढ़ एवं चंपावत जैसे दूरस्थ एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ ही देहरादून में भी स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता सीमांत क्षेत्रों में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक होगा और उन्हें बाजार तक पहुँचने में आने वाली कठिनाइयों से भी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं हमारे जवानों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड सरकार और आईटीबीपी के मध्य स्थानीय उत्पादों की खरीद के लिए पहले भी समझौता किया गया, जिसके काफी अच्छे परिणाम रहे हैं। अभी तक आईटीबीपी 14 करोड़ 77 लाख रुपये के स्थानीय उत्पादों की खरीद कर चुका है, जिसे और बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उत्तराखंड में आईटीबीपी वार्षिक मांग की 25 प्रतिशत फल एवं सब्जियाँ भी खरीदती है, तो इससे स्थानीय किसानों को लगभग 6 करोड़ रुपये की आमदनी होगी।

इस अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव कृषि एस.एन. पाण्डेय, आईजी आईटीबीपी मनु महाराज, अपर सचिव आनन्द श्रीवास्तव, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखंड औद्यानिक परिषद नरेन्द्र कुमार यादव एवं आईटीबीपी के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# हरदा से सहानुभूति पर बोए पेड़ बबूल का, तो आम कहां से होए: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेसी आंतरिक कलह पर कटाक्ष किया कि 27 में जीत के सपने देखने वालों की स्याह हकीकत जनता देख रही है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तंज कसा कि कांग्रेस की वर्तमान स्थिति ष्सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लट्ठाष वाली हो चुकी है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा अल्पकालीन श्राजनैतिक संन्यासश पर सहानुभूति जताने के साथ आईना भी दिखाया कि बोए पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय।



■ जनता देख रही 27 के सपने देखने वाली भविष्यहीन कांग्रेस की सियासी महाभारत

विभिन्न माध्यमों से मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए भट्ट ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस पार्टी में युद्ध से हालात से नजर आ रहे हैं, उसे प्रदेश की जनता भी देख समझ रही है। उन्होंने कहा, ये पहले से ही निश्चित है कि जितने लोग कांग्रेस में शामिल हुए उससे कई गुणा अधिक लोगों का कांग्रेस छोड़ना तय है। क्योंकि सिद्धांतहीन, विचारहीन और नेतृत्विहीन पार्टियों में ऐसा लाजिमी है और इसके आसार भी साफ नजर आ रहे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत के 15 दिनी मौन उपवास पर उनकी वरिष्ठता को देखते हुए सहानुभूति जताई। साथ ही तंज कसते हुए कहा कि हरीश रावत जिन नेताओं को श्उज्याडू बेलश, श्फुके कारतूसश और श्विष पुरुषश कहा करते थे, आज उन्हीं लोगों ने उन्हें घर बैठाने का काम कर दिया है। यह सब कुछ कुछ ऐसा है कि बोए पेड़ बबूल का तो आम कहां से पाए। आज हरदा की अपनी बोई हुई अनैतिक और मौकापरस्त राजनीति की फसल का समय आ गया है, लिहाजा उन्हें अपनों ने ही लोगों ने किनारा कर दिया।

भट्ट ने रावत की स्थिति पर सहानुभूति जताते हुए कहा कि यह बड़े खेद का विषय है कि इतने वरिष्ठ नेता की बात सुनने के लिए न तो प्रदेश संगठन को जरूरत है और न ही राहुल गांधी के पास समय। जो साफ इशारा करती है कि हरदा की अहमियत आज कांग्रेस में शून्य हो चुकी है।

उन्होंने दावा किया कि अतिउत्साह में कुछ लोगों को पार्टी में पार्टी जोड़ने से कांग्रेस में पार्टी छोड़ने की होड मचने वाली है। जिस तरह का असंतोष प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व प्रति वहां है, उससे कांग्रेस में भगदड़ का माहौल है। जितने लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं, उससे कई गुना अधिक लोग पार्टी छोड़ने की कतार में खड़े हैं।

भट्ट ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस का भविष्य शून्यता की तरफ जा रहा है, क्योंकि उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों से लगातार हार का सामना कर रही है।कांग्रेस के लिए भविष्य में भी जीत की कोई संभावना नहीं है, तब भी नेता आपस में एक-दूसरे को राजनैतिक रूप से निपटाने में व्यस्त हैं। आज कांग्रेस पार्टी की स्थिति प्रदेश में सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लट्ठा वाली बनी हुई है।

# विद्यालयों में जारी रहेगा व्यावसायिक शिक्षा का संचालन: डॉ. रावत



■ कहा, नए टेंडर होने तक पूर्व में अनुबंधित संस्था करेगी कार्यक्रम का संचालन

### नए सत्र से 544 और विद्यालयों में शुरू होगा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नये शिक्षा सत्र 2026-27 में समग्र शिक्षा के तहत 544 और विद्यालयों में भी व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जायेगा, जिसकी स्वीकृति भारत सरकार ने दे दी है। इन विद्यालयों में 8 विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। जिसमें एग्रीकल्चर, आटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर, आईटी, पलम्बिंग, रिटेल तथा टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी शामिल है।

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के 200 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित किये जायेंगे। इसके अलावा नये शिक्षा सत्र 2026-27 में 544 और विद्यालयों में भी पारम्परिक विषयों के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा शुरू की जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निजी संस्थाओं के साथ शीघ्र अनुबंध करने के निर्देश दे दिये गये हैं। साथ ही नये टेंडर होने तक पूर्व में अनुबंधित संस्था व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का संचालन करती रहेगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि प्रदेश के 200 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुये टेंडर प्रक्रिया में हुई लेटलतीफी को लेकर विभागीय अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। विभागीय मंत्री ने कहा कि जब तक नई टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक पूर्व में अनुबंधित संस्था ही 200 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन करती रहेंगी। इससे न केवल शिक्षण कार्य में निरंतरता बनी रहेगी, बल्कि छात्रों के कौशल विकास पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को नये शिक्षा सत्र 2026-27 में कार्यक्रम संचालन को निजी संस्थानों के साथ अनुबंध को शीघ्र टेण्डर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये।

### सीएम से देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने की शिष्टाचार भेंट



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध कथा वाचक एवं आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के बीच सनातन संस्कृति के संरक्षण, आध्यात्मिक जागरूकता के प्रसार तथा समाज में नैतिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने महाराज जी के आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है और युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

### धामी सरकार का भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार

# देहरादून में उप शिक्षा अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जीरो टॉलरेंस नीति का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से जमीन पर दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में देहरादून जनपद के डोईवाला क्षेत्र में तैनात उप शिक्षा अधिकारी एवं उनकी महिला सहयोगी को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया जाना सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

इस घटना को केवल एक कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को साफ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। आरटीई प्रतिपूर्ति जैसे संवेदनशील विषय में रिश्वत की मांग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर गरीब बच्चों के अधिकारों के साथ अन्याय भी है।



■ मुख्यमंत्री धामी की जीरो टॉलरेंस नीति का जमीन पर दिखा असर ■ रिश्वतखोरी पर सख्त कार्रवाई, सिस्टम को पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम ■ आरटीई जैसे संवेदनशील मामले में भ्रष्टाचार पर सरकार की कड़ी कार्रवाई ■ सतर्कता विभाग की सक्रियता से बढ़ा जनता का भरोसा

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। चाहे अधिकारी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो या मामला किसी भी विभाग से जुड़ा हो, भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर बिना किसी दबाव या संरक्षण के सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

प्रदेश में सतर्कता विभाग एवं अन्य जांच एजेंसियों द्वारा लगातार ट्रैप ऑपरेशन संचालित किए जा रहे हैं और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है। दोषियों को रंगे हाथ पकड़कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है, जिससे सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही निरंतर सुदृढ़ हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्व में भी स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन नीतियों को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करना ही प्राथमिकता है। यही कारण है कि राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई अब तेज और परिणामकारी होती नजर आ रही है।

इस प्रकार की सख्त कार्रवाइयों से आम जनता का सरकार और प्रशासन पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। नागरिकों को यह भरोसा मिल रहा है कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई होगी और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा एवं रिश्वत के प्राप्त हो सकेगा।

देहरादून की यह घटना इस बात का प्रमाण है कि उत्तराखंड में अब भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी पड़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार एक स्वच्छ, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन स्थापित करने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने मौसम का पूर्वानुमान जारी कर दिया है। पूर्वानुमान के अनुसार इन राज्य के पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। आखिरी के तीन दिन पहाड़ के साथ मैदानी जिलों के लोग भी बारिश का अनुभव करेंगे।

मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के सभी पहाड़ी जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है। इस दौरान इन पर्वतीय जिलों में 3500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी भी होगी। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी जिलों में जहां बारिश होगी, वहीं मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

■ मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

गुरुवार को उत्तराखंड के पांच पहाड़ी जिलों जिनमें तीन गढ़वाल मंडल और दो कुमाऊं मंडल में है इनमें बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश बादलों की गड़गड़ाहट के साथ होगी।

गुरुवार को भी इन पहाड़ी जिलों में 3500 मीटर और इससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फ गिरेगी। मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

# प्रदेश में विशेष कैंप लगाकर कृषकों की फार्मर आईडी शीघ्रता से करें पूर्ण: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित फार्मर आईडी विक. सित करने के संबंध में आयोजित बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

बैठक में कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि उत्तराखंड में अब तक 1,68,526 किसानों का पंजीकरण कर उनकी फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पंजीकृत 8,12,266 किसानों की फार्मर आईडी आगामी तीन माह के भीतर विशेष कैंप लगाकर शीघ्रता से पूर्ण की जाए।

■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में फार्मर आईडी के संबंध में आयोजित बैठक में किया वर्चुअल प्रतिभाग



कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता आसान होगी, साथ ही उर्वरकों की कालाबाजारी पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

कृषि मंत्री ने विशेष रूप से उधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून और नैनीताल जनपदों के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण की साप्ताहिक सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को संतु. लित तरीके फर्टिलाइजर उपयोग तथा वितरण सुनिश्चित किया जाए और कालाबाजारी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

कृषि मंत्री जोशी ने कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को आगामी माह प्रस्तावित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के सफल संचालन हेतु कार्यक्रम तिथि एवं विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर निदेशक कृषि दिनेश कुमार, कुलपति भरसार प्रो. परविंदर कौशल, अभय सक्सेना आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रदेश में मखाना की खेती प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को दिया जाय प्रशिक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से आज उनके कैंप कार्यालय में बिहार की एक निजी संस्था के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया कि उनकी संस्था लंबे समय से मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने उत्तराखण्ड में पहली बार जनपद हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में मखाना की खेती के पायलट प्रोजेक्ट के शुभारंभ हेतु कृषि मंत्री को आमंत्रित भी किया।

कृषि मंत्री जोशी ने बैठक के दौरान इस पहल का स्वागत करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मखाना की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं के अनुभव का लाभ राज्य में लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि बिहार के उन क्षेत्रों का दौरा किया जाए जहां मखाना का बेहतर उत्पादन हो रहा है, ताकि किसानों को आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन की जानकारी मिल सके। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार जलभराव वाली भूमि का प्रभावी उपयोग कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर सचिव कृषि एसएन पांडेय, निद. ेशक कृषि दिनेश कुमार, संस्था के पदाधिकारी राजीव रंजन, सम्यक जैन, अजय पैनोली आदि मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा सुरक्षित बनाने को चिकित्सा एवं सड़क सुरक्षा पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय ने बुधवार को लोक भवन में 'चार धाम यात्रा के दौरान चिकित्सा समस्याएं और सड़क दुर्घटना सुरक्षा उपाय' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा ऊंचाई पर होने वाली बीमारी से बचाव एवं पूर्व तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।

सेमिनार में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि चार धाम यात्रा से जुड़े लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी आस्था और सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए मानव जीवन की रक्षा का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। राज्यपाल ने सड़क दुर्घटनाओं में "गोल्डन आवर" के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने और ट्रॉमा केयर पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए "पिलग्रिमेज एजुकेशन हैंडबुक" का विमोचन भी किया गया। इस सेमिनार में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव रीना जोशी, कुलपति प्रो. भानु दुग्गल, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी लोक भवन डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. प्रांजलि थापा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल आदि मौजूद रहे।



■ सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए 'पिलग्रिमेज एजुकेशन हैंडबुक' का किया विमोचन ■ पर्वतीय मार्गों में सावधानी जरूरी, चारधाम यात्रा के लिए जागरूकता पर दिया जोर

### सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार का विशेष फोकस: उनियाल

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड देश का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां हर साल करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था का भी मजबूत आधार है। इससे स्थानीय लोगों को होमस्टे, स्थानीय उत्पादों और अन्य सेवाओं के जरिए रोजगार के अवसर मिलते हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसी के तहत 243 चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिनमें 33 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत इलाज मिल सके।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चारधाम यात्रियों के लिए साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्व. विद्यालय ने बुधवार को लोक भवन में 'चार धाम यात्रा के दौरान चिकित्सा समस्याएं और सड़क दुर्घटना सुरक्षा उपाय' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ पद्मश्री प्रो. (डॉ.) एस. सी. मनचंदा ने यात्रियों के लिए उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं, ऊंचाई पर धीरे-धीरे चढ़ाई करें तथा प्रारंभ में 1-2 दिन मध्यम ऊंचाई पर रुककर शरीर को अनुकूल होने का समय दें। डॉ. मनचंदा ने मानसिक शांति के लिए योग एवं ध्यान को भी बेहद उपयोगी बताया।

■ हाई एल्टीट्यूड सिकनेस से बचाव और सुरक्षित यात्रा पर विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों को अपने स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करनी चाहिए, जैसे पल्स ऑक्सीमीटर एवं रक्तचाप की जांच करते रहना, दवाइयों का सेवन नियमित रूप से करना तथा किसी भी चेतावनी लक्षण की स्थिति में निकटतम चिकित्सा सुविधा से तुरंत संपर्क करना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के डॉ. पंकज ने पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित ड्राइविंग, मार्गों की भौगोलिक चुनौतियों और सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दुर्घटना के बाद तत्काल दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं, एम्स गोरखपुर के ऑर्थोपेडिक विभाग के एचओडी डॉ. आशुतोष तिवारी ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में होने वाली न्यूरोलॉजिकल समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ऊँचाई, ऑक्सीजन की कमी और अत्यधिक ठंड के कारण मस्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाते हुए इनके लक्षण, जोखिम और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

# यात्रा मार्ग से शीर्घ हटाएं मलबा: आशा नौटियाल

## केदारनाथ यात्रा तैयारियों का क्षेत्रीय विधायक ने लिया जायजा, गुप्तकाशी से गौरीकुंड व घोड़ा पड़ाव तक निरीक्षण

■ सुरक्षा व सुविधाओं पर दिया विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा शुरू होने में महज अब तीन सप्ताह का समय शेष रह गया है। ऐसे में यात्रा तैयारियों को अंतिम रूप देने को लेकर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यापक जायजा लिया। विधायक ने गुप्तकाशी से गौरीकुंड होते हुए घोड़ा पड़ाव तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-107 के अंतर्गत गुप्तकाशी तिराहा, बड़ासू, खुमेरा, मैंखंडा, व्योगाड़, रामपुर, शेरसी, सोनप्रयाग एवं मुनकटिया जैसे भूस्खलन व भू-धंसाव संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने मार्ग पर पड़े मलबे को शीघ्र हटाने, नालियों की नियमित सफाई, तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य यात्रा शुरू होने से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।



इसके अलावा सड़क मरम्मत (पैचवर्क), झाड़ी कटान, आवश्यक साइनेज, क्रैश बैरियर व सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति भी परखी गई। स्वच्छता व्यवस्था के तहत यात्रा मार्ग पर पर्याप्त शौचालय, मोबाइल टॉयलेट, महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड डिस्पोजल मशीन, नियमित सफाई एवं जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख स्थानों पर सोलर लाइट की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। सीतापुर पार्किंग क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए पार्किंग व्यवस्था, शटल सेवा, मैकेनिक सुविधा, कैंटीन, शौचालय एवं पुलिस चेकपोस्ट की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग तथा विश्राम स्थलों पर बेंच लगाने के निर्देश भी दिए गए। घोड़ा पड़ाव तक निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्थानीय होटल संचाल. कों एवं घोड़ा-खच्चर संचालकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन यात्रा को ग्रीन, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर रहे हैं और समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रामपुर में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण दस अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि मुनकटिया क्षेत्र में कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री स्तर से यात्रा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम यात्रा अनुभव मिल सके।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष रावत, जिला महामंत्री राय सिंह राणा, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन जमलोकी, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ओंकार पांडे, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संजय कुमार, प्रतिनिधि सुलभ धनंजय पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# यमुनोत्री क्षेत्र के 5 मोटर मार्गों को मिली राज्य योजना में स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री क्षेत्र के 5 महत्वपूर्ण मोटर मार्गों को श्राज्य योजनाश के अंतर्गत स्वीकृति मिल गयी है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने क्षेत्रीय जनता की मांग पर गंभीरता से संज्ञान लेने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

राज्य योजना मे स्वीकृति मार्गो मे जशपुर चमियारी से उलन मोटर मार्ग, पोंटी राजगढ़ी (किमी 21) पुजेली से ग्राम कोटी बनाल, पोंटी राजगढ़ी (किमी 10) से पोंटी गांव तक, ग्राम पंचायत पालार बैंड से गंगटाडी तक तथा ग्राम कंसेरु बैंड से उपराड़ी-साडा होते हुए दोबाटा-बड़कोट तक हैं।

चौहान ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र का सौभाग्य है कि जन हित की जितनी योजनाएं भी सीएम पुष्कर सिंह धामी के सम्मुख उन्होंने रखी तो सभी पर उत्साहजन परिणाम सामने आया। शिक्षा,

■ चौहान ने जताया सीएम का आभार, कहा-यमुनोत्री में सुलभ होगी बुनियादी जरूरतें

सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य मांगों पर सीएम गंभीरता से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। वहीं क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र मे आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाओं पर कार्य हो रहा है तो कुछ प्रस्तावित हैं और उन पर जल्दी ही स्वीकृति मिलेगी। उन्होंने कहा कि चार धाम का पहला पड़ाव यमुनोत्री क्षेत्र मे रोजगार की बढ़ती संभावनाओं का लाभ निश्चित रूप से युवाओ को मिलेगा और युवक योजनाओं से लाभान्वित भी हो रहे है। इसके अलावा सीएम की घोषणाओं पर तेजी से कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है। राज्य योजना के अंतर्गत विकासखण्ड नौगांव के ग्राम पंचायत पालर से गंगटाड़ी तक मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य (प्रथम चरण) हेतु ₹88.25 लाख की लागत से 5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अंतर्गत मरगाँव उलड मोटर मार्ग के कि.मी. 07 के खाड़ु बैण्ड से प्राथमिक विद्यालय जसपुर तल्ली तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य को घोषणा में शामिल कर स्वीकृति देना, दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

चौहान ने कहा कि सड़कों का निर्माण, मोटर मार्गों की स्वीकृति, पुल निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का उच्चीकरण, महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर विषयों का संचालन तथा इंटर कॉलेजों में विज्ञान वर्ग की व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को घोषणा में शामिल कर स्वीकृति देना, क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

# आयोग के उपाध्यक्ष करेंगे कर्मचारियों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) उत्तराखंड सरकार भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा जनपद भ्रमण प्रस्तावित है। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ आगामी सात अप्रैल को जिला सभागार कक्ष में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में संवाद एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय ने बताया कि राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष

■ सात अप्रैल को रहेंगे जनपद भ्रमण पर

(राज्य मंत्री) के एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सात अप्रैल को अपराह्न चार बजे सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद एवं समीक्षा बैठक निर्धारित है। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने संबंधित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से निर्धारित समय व स्थान में उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# कमर्शियल गैस की आपूर्ति न होने पर होटल संचालकों में रोष

■ उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से मिले होटल संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग, मूल्यागांव सहित अन्य स्थानों पर कमर्शियल गैस की आपूर्ति न होने पर होटल संचालकों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। बुधवार को कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट ने होटल ढाबा संचालकों के साथ मिलकर उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में गणेश भट्ट ने कहा कि देवप्रयाग, मूल्यागांव, बागवान,



लक्ष्मोली, मलेथा में होटल और ढाबा संचालकों के पास कमर्शियल सिलेंडर समाप्त होने और गैस की आपूर्ति न होने के कारण रोजी रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। कहा कि यदि शीघ्र ही होटल ढाबा संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराये गए तो उन्हें अपने प्रतिष्ठान बंद कर घर जाने पर मजबूर होना पड़ेगा। कहा कि एक सप्ताह के भीतर उक्त क्षेत्र में ढाबा होटल संचालकों को बिना किसी शर्त के एक एक कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाना चाहिए। कहा कि इंडेन गैस एजेंसी श्रीनगर गढ़वाल द्वारा तय किए रोस्टर के हिसाब से गैस वितरित नहीं की जा रही है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र इस समस्या का समाधान ना हुआ तो उन्हें मजबूरन इंडेन गैस की गाड़ियों को बागवान में रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान बाग. वान नरेश प्रसाद, क्षेत्र पंचायत भल्लेगांव चंद्रकला लिंगवाल, मनमोहन सेमवाल, विकास बिष्ट, अनिल भट्ट, दिवाकर भट्ट, सुनील रतूड़ी, धर्मेंद्र सिंह, भास्कर प्रसाद, नरेंद्र पुरोहित, ज्योति प्रसाद सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### सामाजिक संस्था वरदान ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लगाई चौपाल

**थराली।** सामाजिक संस्था वरदान के द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए स्वच्छता को बढ़ावा दिए जाने के लिए एक चौपाल का आयोजन किया।जिस में वक्ताओं ने कहा कि अपने वातावरण एवं शरीर को स्वच्छ रखने से तमाम रोगों से निजात पाया जा सकता हैं।

बुधवार को थराली नगर पंचायत के भेटा वार्ड के सिमलसैण में वरदान संस्था द्वारा स्वास्थ्य चौपाल का आयोजन किया गया,इस चौपाल में नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता को अपने पर बल देते हुए कहा कि सप्ताह में एक सार्वजनिक रूप से सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए जिससे हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ रह सकें जिससे प्रदूषण से फैलने वालें रोगों को निमंत्रण किया जा सके।इस मौके पर वरदान संस्था के अध्यक्ष विनोद रावत एवं सचिव अनिल चंदोला ने बताया कि संस्था के द्वारा थराली विकास खंड के सभी 50 गांवों में स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है,इसी कड़ी में सिमलसैण में भी चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें जैविक एवं अजैविक कूड़े के उचित निस्तारण की जानकारी दी गई।

### रणवीर को ब्रांड एंबेसडर किया घोषित

**देहरादून।** अजमल दुबई ने रणवीर सिंह को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है, जो योर अनसीन पावर  नामक अपने नवीनतम अभियान के लॉन्च के साथ एक साहसिक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। अपनी पीढ़ी के एक प्रभावशाली कलाकार और अंतिम शोमैन के रूप में पहचाने जाने वाले रणवीर सिंह, सुगंध के माध्यम से व्यक्तित्व का उत्सव मनाने की ब्रांड की विचारधारा को पूरी तरह से अभिव्यक्त करते हैं। यह सहयोग अजमल की समृद्ध परफ्यूमरी विरासत को एक समकालीन आवाज के साथ जोड़ता है, जो नई पीढ़ी के फ्रेगरेंस प्रेमियों के साथ गूंजता है।

### सेवानिवृत्ति पर रामेश्वर बौंठियाल को किया सम्मानित

**कोटद्वार ।** राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज कोटड़ीढांग से सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक रामेश्वर बौंठियाल को सम्मानित किया गया। कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए बैंठियाल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के लिए दिए गए बौंठियाल के योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1995 में राजकीय इंटर कॉलेज डाबरी, रिखणीखाल में एलटी विज्ञान व गणित पद पर रामेश्वर बौंठियाल की नियुक्ति हुई थी। एक नवंबर 2013 को प्रवक्ता गणित के पद पर उनकी पदोन्नति हुई। सेवानिवृत्त होने से पूर्व बैंठियाल राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज कोटड़ीढांग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बैंठियाल के पढ़ाए हुए कई विद्यार्थी आज देश के बड़े-बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी बौठियाल लगातार अपना योगदान देते रहे हैं। नौकरी के दौरान उनके कार्य जूनियर शिक्षिकों के लिए प्रेरणा दायक है।

### वैध परिचय पत्र के आधार पर छात्रों को मिले गैस सिलेंडर

**श्रीनगर।** आइसा छात्र संगठन श्रीनगर इकाई द्वारा छात्रों की समस्याओं कि समस्याओं को देखते हुए एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करवाएं जाने की मांग की है। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियान और आइसा श्रीनगर इकाई के अध्यक्ष अरूणेश मिश्रा ने ज्ञापन सौपते हुए कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राएं पिछले दो महीनों से गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं। कहा कि गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण छात्रों को भोजन बनाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही उन्होने गैस एजेंसी के प्रबंधकों से वैध परिचय पत्र के आधार पर प्राथमिकता से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की माग की है। जिससे छात्रों को उनकी दैनिक आवश्यकताएं सुचारू रूप से पूरी हो सकें।

### खिर्सू के 99 विद्यालयों में वितरित हुई 5606 किताबें

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के 99 परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अभी तक लगभग 5606 लाख किताबें छात्रों को वितरित गई। 99 परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को पुस्तकें वितरित कर दी गई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत ने बताया कि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की पहल और दिशा-निर्देशन पर बुधवार को विकासखंड खिर्सू के परिषदीय विद्यालयों में प्रथम राउंड में 1 से 12 कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को 5606 किताओं का वितरण किया। विभाग का प्रयास है शुरुआत में ही सभी छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएं।

# चन्द्रापुरी में लक्ष्मण शक्ति लीला का भव्य मंचन, उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** केदार बद्री श्रम सेवा समिति के तत्वावधान में चन्द्रापुरी के हनुमान मोहल्ले में आयोजित रामलीला के नौवें दिन लक्ष्मण शक्ति लीला का भव्य एवं आकर्षक मंचन किया गया। लीला के दौरान कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

लक्ष्मण शक्ति प्रसंग में मेघनाद द्वारा लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने और उनके मूर्छित होने के दृश्य को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने का प्रसंग दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों की भाव-भंगिमाओं और संवाद अदायगी ने सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री शकुन्तला जगवाण सहित अनेक जनप्रति.



■ रामलीला के नौवें दिन कलाकारों की शानदार प्रस्तुति

निधि एवं राम भक्त उपस्थित रहे। अतिथियों ने कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। रामलीला के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय युवाओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ रामलीला का आनंद लिया। समिति के पदाधिकारियों विलोचना रावत ने बताया कि रामलीला के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में मदद मिल रही है। रामलीला मंचन के नौवें दिन आरजू गुसाई राम, प्रतिभा नेगी- लक्ष्मण, भगवान सिंह-हनुमान, अनीता चौधरी- रावण, कल्पेश्वरी-मेघनाथ, विजया-कुम्भकरण, प्रेमलता बिष्ट में मंत्री की भूमिका अदा की। जबकि सत्य सिंह रावत, दीपकुंवर गुसाई, राधे अमन नेगी द्वारा संगीत पर साथ दिया जा रहा है तथा संचालन राजवीर सिंह नेगी ने किया। इस मौके पर प्रधान अंजू देवी, संजू देवी, रेखा रावत, जसदेई रावत, सरोजनी खत्री, आशा राणा, आरती नेगी, प्रधानाचार्य अंजू रमोला, पुष्पा, मीना बहुगुणा सहित सैकड़ों मौजूद थे।

### मलेथा रेलवे स्टेशन पर लगेगी वीर माधो सिंह भंडारी की मूर्ति

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के मलेथा में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन पर अब गढ़वाल के वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी की भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने रेलवे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि यह केवल एक मूर्ति नहीं होगी, बल्कि गढ़वाल के गौरवशाली इतिहास और वीरता की प्रतीक बनेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि मूर्ति के साथ वीर माधो सिंह भंडारी का संक्षिप्त जीवन परिचय भी अंकित किया जाए।

# राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा में छात्रों को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा में शिक्षा सत्र 2025-26 के समापन पर बुधवार को कक्षा पांच के उत्तीर्ण छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र बिष्ट ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।अध्यापकों ने बीते पांच वर्षों में छात्रों की शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला और अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कक्षा पाँचवी से जवाहर नवोदय

■ जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को सरहाना की

विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र मयूख चौहान और शुभम तथा सैनिक विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र शिवम भट्ट की विशेष रूप से सराहना की गई। साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री बांटकर विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। मौके पर सीआरपी मलेथा अंकिता बमराडा, सहायक अध्यापक, अनिल, नीरज प्रेमी, विक्रम भारती, गणेश भट्ट एवं दीप्ति मौजूद रही।

# विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री नेशनल पार्क के द्वार खुले

■ गौमुख ट्रैक की अभी आवाजाही की अनुमति नहीं मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री नेशनल पार्क के द्वार भले ही आज से खोल दिए गए हो, लेकिन कुछ ट्रेक पर ग्लेशियर आने से अभी आवाजाही की अनुमति नहीं मिली है।

बुधवार को गंगोत्री नेशनल पार्क के द्वार देश-विदेश के पर्यटकों के लिए खोल दिए गए हैं। लंबे इंतजार के बाद अब सैलानी इन खूबसूरत बर्फीली वादियों का दीदार



कर सकेंगे। रोमांच से भरपूर नेलांग वैली, गरतांग गली के आज सैलानियों के लिए खुल गये है।

गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक हरीश नेगी और रेंज अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने विधिवत पूजा पाठ के पहले गोमुख ट्रेक के कनखू बैरियर के गेट को खोला। उसके बाद नेलांग घाटी और गरतांग गली के गेट खोले गए। वहीं अब पर्यटक छोटे लद्दाख कहे जाने वाली नेलांग और जादूग घाटी सहित भारत-तिब्बत व्यापार और इंजि. नियरिंग के नायाब नमूने गरतांग गली की सैर कर पाएंगे।

रेंज अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि इन दोनों स्थानों के लिए एक अप्रैल से अनुमति पर्यटकों को देनी शुरू कर दी गई है। वहीं अभी गोमुख और केदारताल ट्रेक पर आवाजाही नहीं हो पाएगी। वहां पर बड़े-बड़े ग्लेशियर आने के कारण मार्ग बंद और क्षतिग्रस्त है। जल्द मार्ग से आवाजाही शुरू करवा दी जाएगी।

# भारतीय ज्ञान प्रणाली विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का आधार: प्रो. सुब्रमणयम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शिक्षा और भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली और शोध पद्धति के समन्वय के माध्यम से शिक्षकों एवं शोधार्थियों को सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक दृष्टि से सशक्त बनाना के उद्देश्य से दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, शोध, नवाचार और नैतिकता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने यूजीसी की गाइडलाइन्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रत्येक शोधार्थी के लिए इन दिशा-निर्देशों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शोध कार्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें ईमानदारी और अनुशासन सर्वोपरि हैं। उन्होंने शोधार्थियों को सलाह दी कि वे यूजीसी के दिशा-निर्देशों को गंभीरता से पढ़ें और उन्हें अपने शैक्षणिक



■ गढ़वाल विवि में दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

कार्यों में लागू करें। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के कुलपति प्रो. पीवीबी सुब्रमण्यम ने कहा कि यह प्रणाली गुरु-शिष्य परंपरा, अनुभवजन्य शिक्षा और समग्र विकास के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी विकसित करती है। कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को यह समझने में सहायता करते हैं कि वे अपने अध्यापन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कैसे जोड़ सकते हैं। कहा कि भविष्य के शिक्षकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शोध तकनीकों के साथ समन्वित करें, ताकि शिक्षा को अधिक प्रभावी और प्रासंगिक बनाया जा सके। प्रो. सुब्रमण्यम ने यह भी उल्लेख किया कि ऐसी कार्यशालाएँ शिक्षकों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर चौरास परिसर के निदेशक प्रो. राजेन्द्र सिंह नेगी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल (आरडीसी) सेल के निदेशक प्रो. हेमवती नंदन, डीन रिक्रूटमेंट और प्रमोशन प्रो. मोहन सिंह पंवार, प्रो. टीसी उपाध्याय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर कार्यशाला के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह और सह-कोर्स निदेशक डॉ. आलोक सागर गौतम ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनु राही द्वारा किया गया।

# केदारनाथ विधायक से मिले भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा रुद्रप्रयाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष हर्ष लाल के नेतृत्व में ऊखीमठ स्थित केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल के आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों का परिचयात्मक सत्र भी आयोजित हुआ। विधायक आशा नौटियाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति को पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान जिला महामंत्री देवेंद्र प्रसाद ने केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति ग्राम सभाओं में कुछ विकास कार्य विभिन्न कारणों से बाधित हैं, जिनके समाधान को लेकर संबंधित विभागों से त्वरित समन्वय आवश्यक है।

इस पर विधायक आशा नौटियाल ने तत्काल संज्ञान



लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सामूहिक विकास कार्य उनकी प्राथमिकता है तथा अनुसूचित ग्राम सभाओं में लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा।

इस दौरान हर्ष लाल, देवेंद्र प्रसाद, अमित टम्टा, संजय मनवाल, दलीप लाल, सुषमा देवी, मानेंद्र कुमार, अनिल कुमार, मीरा देवी, देवेश्वरी देवी, राजपाल लाल, मयंक कुमार, अनिल बुरियाल, मिथिला देवी, शिवम् कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनातन संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन को सरकार प्रतिबद्ध: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को देहरादून स्थित रेंजर्स ग्राउंड में विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित संतजनों, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की गरिमा को नमन किया।



■ देहरादून में श्रीमद्‌भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, संत समागम और हरि कथा को जीवन का सर्वोच्च सौभाग्य बताया ■ उत्तराखंड में धार्मिक और सांस्कृतिक परियोजनाओं को मिल रहा नया विस्तार ■ समान नागरिक संहिता और धर्मांतरण विरोधी कानून को बताया ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्‌भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों में सम्मिलित होना जीवन का अत्यंत सौभाग्यपूर्ण क्षण होता है। उन्होंने संतों के सानिध्य और उनके मार्गदर्शन को जीवन के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे अवसर व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति और आत्मिक शांति की ओर अग्रसर करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कथा व्यास 'धर्मरत्न' देवकीनंदन ठाकुर महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके जीवन को भक्ति, साधना और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज जी ने अल्पायु में ही श्रीमद्‌भागवत महापुराण को कंठस्थ कर समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का कार्य प्रारंभ कर दिया था, जो अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि महाराज जी का अनुशासन और तपस्या समाज के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, केदारनाथ और बद्रीनाथ धामों का पुनर्निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर तथा महाकाल लोक जैसी परियोजनाएं भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित कर रही हैं।

उन्होंने अंत में कहा कि सरकार समाज में समरसता, सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न संत महात्मा, विश्व शांति सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### राज्य में मंदिरों के सौंदर्यीकरण व हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ के पुनरुद्धार का कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड और मानसखंड के मंदिरों के सौंदर्यीकरण के साथ ही हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

### दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना कर भारतीय संस्कृति, दर्शन और इतिहास के अध्ययन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। साथ ही समानता और न्याय की स्थापना हेतु समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

# देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी का अंतिम संस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उनके अंतिम संस्कार की रस्में बेटे ने निभाई।

ज्ञात हो कि 30 मार्च की सुबह राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोहड़ी गांव में नाइट क्लब में बिल के विवाद में बड़ा लिया. पुलिस के मुताबिक बिल पर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंचा. बढ़ते-बढ़ते फायरिंग तक चला गया. आरोप है कि बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो कार सवार कुछ युवकों ने जेन जी क्लब के संचालक और स्टाफ की फॉर्च्यूनर कार पर फायरिंग कर दी थी. इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले 70 वर्षीय रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी फायरिंग की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश कुमार की अंत्येष्टि में शामिल हुये। उन्होंने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के निधन पर उनके आवास जाकर दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के निधन पर उनके जोहड़ी, देहरादून स्थित आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उनके परि. जनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शो. काकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को प्रदेश में ऑपरेशन प्रहार चलाकर अवांछित और हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद थे।



# ऑपरेशन प्रहार जरूरी, दुस्साहसी प्रवृत्ति के लोगों पर कसेगी नकेल: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने आपरेशन प्रहार को जरूरी कदम बताते हुए कहा कि इससे कानून को अपने हाथ मे लेने वाले दुस्साहसी प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसी जायेगी और पार्टी संगठन पूरी तरह से सरकार के इस कदम का समर्थन करता है।



■ कहा, संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति से बचे विपक्ष

चौहान ने राजधानी में पूर्व सैन्य अधिकारी के साथ हुई घटना पैर दुख जताते हुए कहा कहा कि पार्टी अराजक एवं अपराधी तत्वों पर कड़े से कड़े ऐक्शन में पूरी तरह सरकार के साथ खड़ी है। उन्होंने विपक्ष से भी इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति नहीं करने का आग्रह किया है। पार्टी मुख्यालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने राजधानी में रोडरेज की घटना के दौरान हुई फायरिंग में सेवानिवृत ब्रिगेडियर की मौत को बहुत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस पूरे प्रकरण को चिंताजनक मानते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी भी जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के पक्ष में है। हमें विश्वास है कि जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करने वाली हमारी सरकार शीघ्र सभी दोषियों को कानूनी प्रक्रिया से सख्त सजा सुनिश्चित दिलाने मे प्रभावी पैरवी करेगी। सरकार के साथ पार्टी भी दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है और उनकी हर यथासंभव मदद करेगी। उन्होंने कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के खिलाफ, सीएम धामी द्वारा ऑपरेशन प्रहार की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा राज्य में अपराधियों, हुड़दंगियों और अराजक तत्वों पर अलर्ट की दृष्टि से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे समय रहते इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर रोक या कमी लाना संभव होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देवभूमि की शांत फिजा और माहौल को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। वहीं उन्होंने ऑपरेशन प्रहार जैसे अभियानों को लगातार संचालित किए जाने कर भी जोर दिया। ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों उत्पन्न न हो और घटनाओं पर पूरी तरह रोक लग सके।

## साईनी कृष्ण को मिला युवा कलमकार सम्मान

**श्रीनगर।** उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून की ओर से प्रदेश स्तर पर आयोजित युवा कलमकार प्रतियोगिता-2025 (26 से 35 आयु वर्ग) में यात्रा वृतांत विधा में प्रथम स्थान हासिल करने पर युवा कलमकार सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें 15 हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें देहरादून में 31 मार्च को उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाषा मंत्री खजान दास एवं स्वास्थ्य व वन मंत्री सुबोध उनियाल के हाथों प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर साईनी कृष्ण उनियाल ने लोक भाषा संस्थान देहरादून का आभार व्यक्त किया है। सम्मान मिलने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है।

# देहराखास में अवैध निर्माण को एमडीडीए ने किया सील

■ बिना मानचित्र के बने भवन व बिना अनुमति निर्माण पर प्राधिकरण का सख्त रुख



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करते हुए देहराखास क्षेत्र में एक निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे सतत निरीक्षण अभियान के तहत की गई, जिसमें बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य को नियमों का उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार देहराखास स्थित वेद सिटी गली नंम्बर-1 में दिनेश्वर पंडित एवं सूरज द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और निर्माण को अवैध पाए जाने पर भवन को सील कर दिया। अधिकारियों ने साफ किया कि नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**संयुक्त सचिव प्रत्युष कुमार के निर्देश पर टीम ने की कार्रवाई:** यह पूरी कार्रवाई संयुक्त सचिव प्रत्युष कुमार के निर्देशों के अनुपालन में की गई। मौके पर सहायक अभियंता निशांत कुकरेती और सुपरवाइजर की मौजूदगी में निर्माण कार्य को रुकवाकर भवन को सील किया गया। टीम ने स्पष्ट संदेश दिया कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा।

### शहर के सुनियोजित विकास पर खतरा: बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के सुनियोजित विकास और नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्माण कार्यों का नियमानुसार होना बेहद आवश्यक है। बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और जहां भी अनियमितता मिल रही है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अभियान रहेगा जारी, जनता से सहयोग की अपील: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। देहराखास क्षेत्र में बिना अनुमति के निर्माण कार्य पाए जाने पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी सहायक अभियंताओं और क्षेत्रीय टीमों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अवैध निर्माण पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# रुद्रप्रयाग में गैस आपूर्ति को लेकर नई व्यवस्था लागू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी गैस आपूर्ति को व्यवस्थित करने को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है। मध्य पूर्व एशिया में जारी संघर्ष के कारण द्रवीकृत प्राकृतिक गैस के शिपमेंट में आई बाधा के चलते गैस उत्पादन, आपूर्ति और वितरण प्रभावित हुआ है। इसी के मद्देनजर भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा राज्य सरकार द्वारा संशोधित एसओपी जारी की गई है।

■ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कनेक्शन लेने की अपील

नई व्यवस्था के अनुसार राज्य को दैनिक आवश्यकता के सापेक्ष प्राप्त व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में से जनपद रुद्रप्रयाग के लिए पांच प्रतिशत का आवंटन निर्धारित किया गया है। इस सीमित आपूर्ति के कारण गैस एजेंसियों द्वारा केवल पंजीकृत व्यावसायिक गैस कनेक्शन धारकों को ही वरीयता के आधार पर सिलेण्डर वितरित किए जा रहे हैं।

जनपद में वर्तमान में 3047 व्यावसायिक गैस कनेक्शन पंजीकृत हैं, जो चारधाम यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दृष्टिगत अपर्याप्त माने जा रहे हैं।

## आगामी सोमवार को लगेगा जनता दरबार

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जनसंवाद/जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे जिससे दर्ज समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिससे जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। बीते सोमवार को महावीर जयंती अवकाश होने के कारण आगामी जन संवाद/जनता दरबार कार्यक्रम सोमवार (06 अप्रैल) को निर्धारित समय के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com
पत्रांक: 269 निविदा संशोधन सूचना संख्या-1 दिनांक 01.04.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा जानपदीय कार्य की निविदा सूचना सं 42/EE/PCM/Dhalipur/2025-26 के अन्तर्गत निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा का नाम | संशोधित |
| --- | --- |
| ढकरानी, देहरादून स्थित ढकरानी विद्युत गृह कालोनी के पार्क की सामान्य सफाई एवं रखरखाव का कार्य। | ढकरानी, देहरादून स्थित ढकरानी विद्युत गृह कालोनी एवं पार्क की सामान्य सफाई व रखरखाव का कार्य। |

निविदा की अन्य शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगी।
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक-270 निविदा सूचना दिनांक- 01/04/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद- द्वितीय), कटापत्थर बैराज, यूजेवीएन लि०, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना प्रभावितों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
**निविदा सं0: 05/EE(Civil)/KB/2025-26**
**कार्य का नाम:** 'उपमुख्य लेखाधिकारी, लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना, डाकपत्थर, देहरादून हेतु एक नग वाहन जैसे स्विफ्ट डिजायर, अमेज या समकक्ष, चालक सहित (ईंधन को छोड़कर) उपलब्ध कराने का कार्य'
**अनुमानित लागत:** क्रमशः Rs. 4,99,100.00 (जीएसटी अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 31.03.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 22.04.2026 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट https://ujvnl.uk.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय), कटापत्थर बैराज, डाकपत्थर, देहरादून।
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# द हिमालयन पब्लिक स्कूल में छात्रों को मिलीं नि:शुल्क पुस्तकें

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दा हिमालयन पब्लिक स्कूलश में एक भव्य पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा एवं राम मनोरथ चौरिटेबल ट्रस्ट के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के 500 से अधिक विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें और अभ्यास पुस्तिकाएँ प्रदान की गईं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व आईजी शरद सचान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंद्राणी पांधी और विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में अमित राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।



■ पूर्व आईजी शरद सचान ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र ■ राम मनोरथ चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हुआ वितरण

मुख्य अतिथि शरद सचान ने अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन के अंधकार को मिटाकर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने नन्हे छात्रों को निरंतर परिश्रम करने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि इंद्राणी पांधी ने विद्यालय के इस सामाजिक सरो. कार की जमकर सराहना की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति के. उनियाल ने स्वयं बच्चों को पाठ्य सामग्री और अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित कीं। उन्होंने कहा कि स्कूल का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि बच्चों को शिक्षा के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विद्यालय के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में स्कूल निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे। नि:शुल्क पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और चेयरमैन महोदय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से आर्थिक रूप से मदद मिलने के साथ-साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है।

## राज्य आंदोलनकारी से छीना जा रहा रोजगार : धीरेंद्र

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के पूर्व मंत्री चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने रामनगर में खताडी स्थित राज्य आंदोलनकारी पेंशन प्राप्त रईस अहमद के रोजगार के एकमात्र सहारे खोखे को तोड़े जाने के कुत्सित प्रयासों पर पर आपत्ति जताई है ।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से वहां पर अपना कार्य चला रहे हैं और कुछ स्थानीय शरारती तत्वों की शिकायत पर उनके ठोक के को हटाने की साजिश की जा रही है । धीरेंद्र प्रताप ने इस संबंध में आज जिला अधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल से फोन पर बात करके इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की । उन्होंने कहा कि रईस अहमद पुराने आदमी है राज्य आंदोलनकारी हैं और गरीबी से जूझ रहे हैं ऐसे में उनका एकमात्र रोजगार का रास्ता ही अगर उजड़ गया तो जल्द ही अपनी जान गवा देंगे। धीरेंद्र प्रताप ने कहा यह एक गरीब परिवार पर बहुत गहरा आघात होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी से आग्रह किया कि वे इस गभीर मामले मे हस्तक्षेप करें और स्थानीय एसडीएम रामनगर से बात करके इस मामले में रईस अहमद के साथ किया जा रहे हैं दुर्व्यवहार पर रोक लगाए। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि जिलाधिकारी रयाल जी ने कहा कि वह इस मामले में एसडीएम से बात करके न्याय संगत कार्रवाई पर जोर देंगे । इससे पहले राज्य आंदोलनकारी चंद्रशेखर जोशी प्रभात ध्यानी धीरेंद्र प्रताप नवीन नैथानी इंदर सिंह मनराल हरिमोहन फजल खान आदि ने एक संयुक्त बयान जारी करके रईस अहमद के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार पर चिंता व्यक्त है ।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यात्रियों की सुगम, सुखद, सुरक्षित यात्रा के लिए तैयार है सरकार: महाराज

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा 2026 को सुगम, सुखद और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।



■ सड़कों की मरम्मत, अतिरिक्त बस सेवाएं और ट्रैफिक प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की गई ■ प्रत्येक धाम पर मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस, ऑक्सीजन सुविधा और आपातकालीन रेस्क्यू टीमें रहेंगी तैनात

पर्यटन धर्मस्व, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारधाम यात्रा में आने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग, होटल एसोसिएशन और टूर ऑपरेटर्स सभी एकजुट होकर काम कर रहे हैं। चारधाम यात्रा के सभी प्रमुख पड़ावों पर पर्याप्त आवास, साफ-सुथरे भोजनालय और विश्राम स्थल सुनिश्चित किए गए हैं।

महाराज ने बताया कि सड़कों की मरम्मत, अतिरिक्त बस सेवाएँ और ट्रैफिक प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की गई है। प्रत्येक धाम पर मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस, ऑक्सीजन सुविधा और आपातक. ालीन रेस्क्यू टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा निरंतर विद्युत आपूर्ति, पेयजल, मोबाइल कनेक्टिविटी और शौचालयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने से पूर्व सभी यात्री ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएँ और प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करने के साथ-साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड सरकार ने प्रत्येक श्रद्धालु के लिए 'सुगम, सुखद एवं सुरक्षित' चारधाम यात्रा का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में यात्री चारधाम यात्रा के दौरान पूजा अर्चना का लाभ उठा सकते हैं।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर) 56 स्पेशल विंग, प्रेमनगर-248007, निकट अमिताभ टेक्सटाइल मिल, देहरादून दूरभाष: (0135) 2770955, ई-मेल- eddmohanpur@gmail.com
निविदा सूचना
अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से जिनके पास विद्युत अधिष्ठापन कार्यों हेतु उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त प्रथम श्रेणी का राजकीय विद्युत ठेकेदार लाइसेन्स हो तथा जो आयकर, जी०एस०टी०, ई०एस०आई० एवं ई०पी०एफ० के अन्तर्गत पंजीकृत, से मोहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर राशि नियम व शर्तें उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत प्रथम श्रेणी का लाईसेंस की प्रमाणित प्रतिलिपि, आयकर, जी०एस०टी०, ई०एस०आई० एवं ई०पी०एफ० पंजीकरण पैन कार्ड की प्रतिलिपि आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह तक वैद्य हो) आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **16.04.2026** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भुगतान जमा कर 14:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है निविदा की धरोहर राशि निम्नानुसार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड मोहनपुर, देहरादून के पक्ष में बन्धक होनी चाहियें तथा एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० निविदा प्रकाशन तिथि के बाद की होनी अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि के निविदा भाग-2 को नहीं खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये समस्त निविदा अथवा किसी एक निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर राशि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 01/EDD(M)/ 2026-27 | Shifting of LT/HT Line under Hon'ble Vidhayak Nidhi Under EDD Mohanpur | 17.04.2026 को 11:30 बजे तक | 17.04.2026 को 14:00 बजे | रू. 295.00 (कर सहित) | रू. 7,200.00 |

पत्रांक: 1966/वि0वि0ख0(मोहनपुर)दे0दून/उपाकालि/ दिनांक: 01/04/2026
अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्र हित मे बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री न0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

### चारधाम यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालित करने के लिए डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा बैठक

# ऋषिकुल पंजीकरण केंद्र में सीसीटीवी कैमरे व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 19 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए की जानी वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर भी मौजूद रहे।



बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकताओं में है इसके लिए यह जरूरी है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऋषिकुल मैदान में बनाए जाने वाले यात्री पंजीकरण केंद्र में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। जिसमें विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, यात्रियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पंजीकरण हेतु प्रर्याप्त मात्रा में काउंटर संचालित किए जाए इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए तथा महिलाओं की व्यवस्था हेतु महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को बेहतर साफ सफाई व्यवस्था एवं शौचालयों की उचित व्यवस्था, विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति चालू रखना,जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति बनाए रखना, परिवहन विभाग को वाहनों की फिटनेस, ग्रीन कार्ड एवं ट्रिप कार्ड की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था तथा पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पूर्ति विभाग को डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की समुचित व्यवस्था के साथ ही सभी पेट्रोल पंपों में शौचालय की उपलब्धता जिसमें महिला शौचालय भी अनिवार्य रूप से हो तथा सभी पेट्रोल पंपों पर समुचित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि चार धाम यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए ऋषिकुल पंजीकरण केंद्र अन्य स्थलों पर पर्याप्त मात्र में साइन बोर्ड लगाए जाए जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो तथा सुरक्षा के दृष्टिगत सभी घाटों पर जल पुलिस की तैनाती एवं घाटों पर सुरक्षा चौन लगाने के भी निर्देश दिए तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ ढंग संचालित करने के भी निर्देश दिए। जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने अवगत कराया है कि चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु ऋषिकुल पंजीकरण केंद्र में 20 यात्री पंजीकरण काउंटर बनाए जा रहे है,जिसके संचालन हेतु 70 कार्मिकों को तैनात करते हुए जिन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा 31 मार्च 2026 तक ऑनलाइन के माध्यम से 10 लाख 75 हजार 1सौ 17 यात्रियों द्वारा पंजीकरण करा लिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पी आर.चौहान, एसपी ट्रैफिक निशा यादव,एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार,सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान,सीओ ट्रैफिक बिपेंदर सिंह, एसीएमओ डॉ.अनिल वर्मा,परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल,जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा,निखिल शर्मा,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत,उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में बढ़ रहे अपराध : अंजू मिश्रा

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में देहरादून में एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर की हत्या से सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अंजू मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं के प्रति भी अपराध तेजी से बढ़े हैं। देवभूमि के नाम से जाना जाने वाला उत्तराखंड हाल के वर्षों में महिला अपराधों को लेकर सुर्खियों में रहा है। वर्ष 2022 में सामने आए अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। जिसमें कथित तौर पर प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता की बात सामने आई थी। इस मामले को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। अंजू मिश्रा ने आरोप लगाया कि महिला उत्पीड़न की अधिकांश घटनाओं में भाजपा नेताओं और उनसे जुड़े लोगों की संलिप्तता सामने आयी है। प्रेसवार्ता में महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार पर निशाना साधा। प्रेसवार्ता के दौरान अंजू द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, नलिनी दीक्षित, ग्रेस कश्यप, रचना शर्मा, बीना जाटव, शशी त्यागी, देवरानी, मिथिलेश गिल, सुरेश कश्यप, हिमांशु राजपूत, उत्कर्ष वालिया आदि मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्रों से लेकर गांव कस्बों तक चलाया वृहद सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार को साफ स्वच्छ,सुंदर जनपद बनाए जाने की दिशा में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित निरंतर प्रयासरत है तथा विगत 05 माह से जनपद में चलाया जा रहा सफाई अभियान, इस अभियान को ओर गति देने के लिए एवं चार धाम यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशन में आज जनपद के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया, इस अभियान की सफलता के लिए जिलाधिकारी द्वारा तैनात किए गए नोडल अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी नोडल अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान में उत्साह से भागीदारी करते हुए सफाई का कार्य कराया गया तथा जनपद हरिद्वार को साफ,स्वच्छ जनपद बनाने दिशा में अहम भागीदारी की जा रही है। आज शुरू किए गए अभियान में होम्योपैथी विभाग द्वारा जनपद में संचालित हो रहे सभी होम्योपैथी चिकित्सालयों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसमें 5.900 किलो सूखा कूड़ा तथा 3. 680 किलो गीला कूड़ा एकत्रित किया गया तथा आयुर्वेदिक विभाग द्वारा भी अपने अपने कार्यालयों एवं क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही पीआरडी के माध्यम से महिला मंगल दल एवं युवा मंगल दल द्वारा भी सफाई अभियान चलाया गया।आयुर्वेदिक विश्व विद्यालय द्वारा ऋषिकुल परिसर में स्वच्छ अभियान चलाया गया,नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी नगर निगम,नगर पंचायत, नगर पालिका एवं विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान चलाया गया तथा नालियों की सफाई कार्य करते हुए भारी मात्रा में सुखा एवं गीला कूड़ा भी एकत्रित किया गया।सिडकुल द्वारा सिडकुल क्षेत्रांतर्गत सफाई अभियान चलाया गया एवं बीएचईएल द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत, सेक्टर 4 चौराहा, स्वर्ण जयंती पार्क के निकट तथा सेक्टर 4 स्थित खोंखा मार्केट के आसपास के क्षेत्रों में टाउनशिप प्रशासन विभाग, बी एच ई एल द्वारा सफाई अभियान संचालित किया गया।



# प्रेस क्लब अध्यक्ष व महामंत्री का किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनहित संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष राहुल चौधरी ने लगातार दूसरी बार प्रैस क्लब अध्यक्ष निर्वाचित हुए धर्मेंद्र चौधरी व नवनिर्वाचित महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल का मिठाई खिलाकर एवं बुके देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। राहुल चौधरी ने कहा कि धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में प्रेस क्लब जनहितैषी पत्रकारिता को बढ़ावा दे रहा है। उनके लगातार दूसरी बार प्रेस क्लब अध्यक्ष निर्वाचित होने से पत्रकार हितों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। राहुल चौधरी ने कहा कि प्रेस क्लब के महामंत्री चुने गए सूर्यकांत बेलवाल भी हरिद्वार में पत्रकारिता को बढ़ावा देने का काम करेंगे।

# वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, चालक फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कनखल थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 30 मार्च की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच बैरागी कैंप स्थित पावर हाउस के सामने यह हादसा हुआ। शेखुपुरा बैरागी कैंप निवासी रामू कुमार अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति और लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामू कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई श्यामू कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## दूध देने निकले युवक को मारी टक्कर, हालत नाजुक

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में देर रात दूध देने जा रहे युवक को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम नूरपुर पंजनहेड़ी निवासी सुखवीर सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 28 मार्च की रात उनका 34 वर्षीय पुत्र रोहित घर से दूध देने के लिए निकला था। जैसे ही वह पंजनहेड़ी मुख्य सड़क पर नाथीराम चौहान के घर के सामने पहुंचा, तभी हरिद्वार की ओर से लक्सर की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत मैक्सवेल अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे देहरादून के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसकी देखभाल में व्यस्त होने के कारण तत्काल शिकायत नहीं कर सके। अब पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# धोखाधड़ी का पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने धोखाधड़ी और चोरी के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्ष 2025 से लगातार फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रहा था।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस जानकारी अनुसार 25 दिसंबर 2025 को सिडकुल क्षेत्र स्थित एक कंपनी की खिड़की तोड़कर करीब चार लाख पीस सिल्वर सीट चोरी करने का मामला सामने आया था। घटना के संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने नितिन और आकाश उर्फ रोबिन को माल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में न्यायालय से जमानत मिलने के बाद आरोपी आकाश उर्फ रोबिन फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किए जाने और न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद सिडकुल पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी आकाश उर्फ रोबिन पुत्र दिनेश निवासी अकबरपुर गढ़ी, थाना देवबंद, सहारनपुर का रहने वाला है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एडिशनल उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र शाह, हे.कां. जितेंद्र मलिक, हे.कां. गजेंद्र राजपूत शामिल रहे।



# बालाजी जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा बाजार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को प्राचीन हनुमान मंदिर, हनुमान घाट से महंत रविपुरी के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हनुमान घाट से शुरू होकर विभिन्न घाटों और बाजारों से होते हुए पुन: हनुमान घाट पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारे लगाते रहे। नासिक के ढोल आकर्षण का केंद्र रहे, जिनकी थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। महंत रविपुरी ने आयोजन को समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला बताया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अनुबंध तोड़कर माल बाहर बेचा, कंपनी मालिक पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में अनुबंध का उल्लंघन कर कंपनी का टेल्कम पाउडर बाहर बेचने के मामले में पुलिस ने कंपनी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इमामी लिमिटेड के सीनियर अधिकारी ने शिकायत में बताया कि कंज प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध के तहत तैयार उत्पाद केवल उनकी कंपनी को ही बेचा जाना था। आरोप है कि 30 मार्च को तैयार टेल्कम पाउडर को बिना अनुमति सहारनपुर के एक डीलर को बेच दिया गया। जब कंपनी की ओर से जांच के लिए कर्मचारी भेजा गया तो वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ अभद्रता की। मामले में कंपनी मालिक आलोक सारस्वत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# इंटक ने की ज्वालापुर में सभी ट्रेनों को स्टापेज देने व ज्वालापुर में बस अड्डा बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इंटक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष मोनिक धवन के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों को स्टापेज देने और ज्वालापुर क्षेत्र में बस अड्डा बनाने की मांग की है। ज्वालापुर, भेल, सिडकुल, बहादराबाद, रोशनाबाद, सलेमपुर सहित देहात के लोगों को ट्रेन और बस में सवार होने के लिए हरिद्वार जाना पड़ता है। जिससे हरिद्वार रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड पर अतिरिक्त भीड़ बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेले का आयोजन भी होना है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होना है। ऐसे में हरिद्वार शहर में भीड़ का दबाव कम करने के लिए ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों को स्टॉपेज दिया। जिससे लोग ज्वालापुर रेलवे स्टेशन से ही ट्रेन में सवार हो सकें। इससे हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त भार तो कम होगा ही, साथ ही लोगों को भी सुविधा मिलेगा। साथ ही ज्वालापुर क्षेत्र में एक बस स्टैण्ड भी बनाया जाए। जिससे बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। मोनिक धवन ने कहा कि ज्वालापुर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात के लिए ज्वालापुर रेलवे स्टेशन से ज्वालापुर अंडर ब्रिज तक पार्किंग बनाई जाए। इस दौरान मंजू रानी ठाकुर, राजेंद्र सिंह, विशाल, लक्ष्मी मिश्रा, एडवोकेट अनुज कुमार शर्मा, वीरेंद्र भारद्वाज आदि शामिल रहे।

## निजी स्कूलों की मनमानी के नाम पर खबरों में सुर्खियां बटोरने वाले जनप्रतिनिधियों का इंतजार समाप्त

### स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रियाएं शुरू होने के साथ ही जनप्रतिनिधियों का इंतजार भी समाप्त होने वाला है। निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर समाचार पत्रों में सुर्खियां बटोरने के लिए बेताब रहने वाले जनप्रतिनिधियों को भी स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार रहता है। फीस में बढ़ोतरी, कोर्स और ड्रैस आदि के नाम पर अभिभावकों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जनप्रतिनिधि प्रदर्शन आदि कर अखबारों में खूब खबरें छपवाते हैं। निजी स्कूलों की मनमानी के नाम पर कुछ दिनों तक समाचार चौनलों और सोशल मीडिया में छाए रहने के बाद शांत हो जाते हैं। लेकिन अभिभावकों को जनप्रतिनिधियों की इस कवायद से कोई लाभ नहीं होता है। निजी स्कूलों की मनमानी के नाम पर जनप्रतिनिधियों के विरोध प्रदर्शन को ना तो स्कूल कोई अहमियत देते हैं, ना ही प्रशासन। निजी स्कूलों की मनमानी पूरे वर्ष जारी रहती है और अभिभावक खुद को ठगा महसूस करते हैं। पिछले कई वर्षो से जारी यह सिलसिला इस वर्ष भी जारी रहने वाला है। अभिभावकों का कहना है कि मात्र प्रचार पाने के लिए विरोध प्रदर्शन से कुछ होने वाला नहीं है। जनप्रतिनिधियों को प्रचार हासिल करने और समाचार पत्रों में फोटो छपवाने के बजाए समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए।

# युवक पर ईंट से हमला, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में कार से टक्कर लगने के बाद हुए विवाद में युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चन्द्रभान सिंह ने बताया कि पूर्वीनाथ नगर निवासी सचिन चौहान ने कोर्ट में दी गई शिकायत में बताया कि 14 नवंबर की रात वह शुभारंभ बैंक्वेट हॉल के पास फास्ट फूड की ठेली पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार के चालक ने उनकी खड़ी बाइक में टक्कर मार दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी केशव उर्फ कमलेश ने गाली-गलौज करते हुए ईंट उठाकर उनके सिर और चेहरे पर कई बार कर दिए। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और लहूलुहान हालत में गिर पड़े। आरोप है कि आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए पुलिस से सांठगांठ की धमकी भी दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते उन्हें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## होली के दिन घर में घुसकर मारपीट व लूट, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में होली के दिन घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ब्रह्मपुरी निवासी मातवर सिंह चौहान ने शिकायत में बताया कि 4 मार्च की दोपहर शिवम, कन्हैया झा, सत्यम झा और राजा समेत अन्य युवक उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उनके और परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान उनकी पुत्रवधु मोनिका चौहान से मोबाइल फोन और सोने की चेन छीन ली गई। हमले में पीड़ित को आंखों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसका मेडिकल कराया गया है। आरोपियों ने घर में कांच की बोतलें फेंककर दहशत फैलाई और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विश्व की श्रेष्ठ परंपरा है सनातन : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजनी अखाड़े के नवनियुक्त म.मं. एवं सिद्धपीठ आनन्द वन समाधि के परमाध्यक्ष स्वामी रामानुज सरस्वती ने निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर म.मं. स्वामी रामानुज सरस्वती का स्वागत किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन परंपरा विश्व की श्रेष्ठ परंपरा है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती सनातन और निरंजनी अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए मानव कल्याण में योगदान देंगे। महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार करना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में श्रद्धालु भक्तों को धर्म व अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने के साथ विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जाएगा। म.मं. स्वामी अनंतानन्द गिरी ने कहा कि संत परंपरा सनातन संस्कृति की संवाहक है। संतों के सानिध्य में सनातन का परचम पूरे विश्व में लहरा रहा है। इस अवसर पर म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी, म.मं. स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी मनीष बाबा, महंत मोहनानन्द गिरी सहित कई संत महंत मौजूद रहे।



**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, देहरादून**

परिवाद संख्या: 170/2023

श्रीमती गंगा राणा पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह राणा, निवासिनी अमरावती सदन, त्रिदेव एन्कलेव, लेन नं. 7, कैमरी, दुधली रोड, देहरादून। .....परिवादिनी

बनाम

1. श्री मौहम्मद अबरार पुत्र श्री इसरार, निवासी ग्राम घोड़ेवाला, पोस्ट बडेढ़ी राजपुतान, जिला हरिद्वार।
2. श्री मौहम्मद शाहरूख पुत्र श्री जाकिर हुसैन, निवासी ग्राम घोड़ेवाला, पोस्ट बडेढ़ी, राजपुतान, जिला हरिद्वार। .......विपक्षीगण

**नोटिस समन विपक्षीगण –**

1. श्री मौहम्मद अबरार पुत्र श्री इसरार, निवासी ग्राम घोड़ेवाला, पोस्ट बडेढ़ी, राजपुतान, जिला हरिद्वार।
2. श्री मौहम्मद शाहरूख पुत्र श्री जाकिर हुसैन, निवासी ग्राम घोड़ेवाला, पोस्ट बडेढ़ी राजपुतान, जिला हरिद्वार।

आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त परिवादिनी द्वारा आपके एवं आपके प्रतिष्ठान के विरुद्ध इस जिला आयोग में परिवाद दर्ज कराया गया है। अत: आप दिनांक 24.04.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे इस जिला आयोग में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उचित आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आदेशानुसार
(पुष्पेन्द्र खरे)
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, देहरादून

# परीक्षा परिणामों से असहमति जताते हुए छात्रों ने किया हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला छात्र संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्रों ने परीक्षा परिणामों से असहमति जताते हुए नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। छात्र संघ अध्यक्ष आकाश खत्री ने आरोप लगाया कि तकनीकी खराबी या लापरवाही के कारण छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। परीक्षा परिणामों से अहमति जता रहे छात्र प्राचार्य से वार्ता करने कार्यालय पहुंचे तो प्राचार्य के नहीं मिलने पर छात्रों ने प्राचार्य और परीक्षा नियंत्रक के विरूद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। जिस पर परीक्षा प्रभारी डा.युवराज ने छात्रों से वार्ता की। छात्र संघ आकाश खत्री ने रोष जताते हुए कहा छात्र अध्यापकों की कमी, पेयजल, पुस्तकालय में किताबों की कमी जैसी तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्राचार्य कार्यालय में मिलते नहीं है। ऐसे में छात्र अपनी समस्या किस से कहें। आकाश खत्री ने कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी छात्र मन लगाकर पढाई कर रहे हैं ओर उम्मीद से अच्छे परिणाम लाकर कालेज का सम्मान बनाए हुए हैं। कई छात्र लगातार अपनी पर्सेंटेज की बदौलत स्कॉलरशिप ले रहे हैं। लेकिन तकनीकी खराबी या लापरवाही के कारण छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। परीक्षा देने के बावजूद छात्रों को अनुपस्थिति दिखाकर फेल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य को छात्र हित और कालेज के सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी में परिणाम सुधार के लिए वार्ता करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया और छात्र हितों की अनदेखी की गई तो छात्र कालेज में तालाबंदी कर अनशन पर बैठ जाएंगे। उच्च शिक्षा मंत्री और सीएम के संज्ञान में भी इस विषय को लाया जाएगा। छात्र संघ की ओर से इस संबंध में ज्ञापन भी परीक्षा इंचार्ज को दिया गया। परीक्षा इंचार्ज डा. युवराज ने यूनिवर्सिटी में फोन पर वार्ता कर चार पांच दिनों में समाधान करने का आश्वासन छात्रों को दिया। जिसके बाद छात्र शांत हुए। इस दौरान अभिनव बंसल, खुशी लोहनी, खुशी भार्गव, अंशु सोनी, आयुष भट्ट, वंश गुप्ता, वंश खटीक, गरिमा पवार, आदर्श गोयल, मानसी गोयल, गैरी शर्मा, वंशिका, अंबिका, सलोनी निषाद, पलक शर्मा, अंचल नौटियाल, पलक पासी, उज्ज्वल गिरी, अंबिका सेमवाल, दिव्य तोमर, अश्मित शर्मा, शिवानी, रितिका जोशी, अंजली जोशी, अजय यादव, गरिमा, अजय यादव, राहुल यादव, हरि नारायण आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



# डीएम ने दिए चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व सीवरेज निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश

### अपर रोड़ पर चल रहा कार्य एक सप्ताह में पूरा करने को कहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व शहर में चल रहे सीवरेज निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। राज्य अतिथी गृह डामकोठी में परियोजना प्रबंधक गंगा डिवीजन उत्तराखंड पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि सीवरेज संबंधी सभी निर्माण कार्य चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व हर हाल में पूरे किए जाएं। जिससे व्यापारियों, स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा एवं परेशानी का सामना ना करना पड़े। कार्यो को जल्द पूरा करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के साथ तीन शिफ्ट में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य रात्रि के समय किए जा सकते है। उन्हें रात्रि के समय करें तथा जो कार्य दिन में किए जा सकते हैं। उन्हें दिन में प्राथमिकता से पूरा करना सुनश्चित करे। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अपर रोड पर चल रहे सीवरेज निर्माण कार्यो को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा कर सड़क को पीडब्लूडी को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। ताकि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य प्राथमिकता से किए जा सके।

बैठक में जीएम उत्तराखंड पेयजल निगम गंगा डिवीजन के जीएम आरके जैन, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, गंगा डिवीजन की परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी मित्तल, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता हरीश बंसल, कॉन्ट्रैक्टर रजत शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# चकराता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बड़ा आंदोलन

■ आज से पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड की ब्लॉक चकराता इकाई ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले जड़े रहेंगे और कोई भी कार्यकर्ता बीएलओ का कार्य नहीं करेगी।

ब्लॉक उपाध्यक्ष दिनेशा चौहान के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। संगठन का कहना है कि यह आंदोलन अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय से उपेक्षित मांगों और लगातार हो रही अनदेखी का परिणाम है।

प्रदेश स्तरीय रैली से शुरू हुआ विरोध

संगठन से जुड़ी कार्यकर्ताओं के अनुसार, 14 मार्च 2026 को प्रदेश कमेटी के आह्वान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर एक विशाल प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित की थी। इस दौरान उनका उद्देश्य मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाना और ज्ञापन सौंपना था। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन ने रैली को बीच में ही रोक दिया और उन्हें आगे बढ़ने से वंचित कर दिया। साथ ही कुछ कार्यकर्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें जबरन वाहनों में बैठाकर हटाया गया, जिससे उनमें गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। पहले आंशिक, अब पूर्ण बहिष्कार घटना के बाद पहले चरण में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने केंद्रों पर केवल उपस्थिति दर्ज कराने और पोषण ट्रैकर सहित अन्य कार्यों का बहिष्कार किया। लेकिन सरकार की ओर से किसी भी सकारात्मक पहल या वार्ता के अभाव में अब आंदोलन को तेज करते हुए पूर्ण कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। संगठन ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल 2026 से ब्लॉक चकराता के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लगा दिए जाएंगे। इस दौरान न तो सेवाएं संचालित होंगी और न ही कोई कार्यकर्ता किसी भी सरकारी कार्य, विशेषकर बीएलओ ड्यूटी में भाग लेगी।

आंदोलन में रुबिना तोमर, प्रतिमा जोशी, प्रतिमा राणा, रेखा राणा, निशा चौहान, साधना चौहान, बबली, दिनेशा चौहान, गुड्डी, आशिया बानो, पूर्णिमा, सानेता, रबिता, अंजू, मीना, पिंगला, रेशमा, रीना, हसीना बानो सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा।

आने वाले दिनों में सरकार और संगठन के बीच वार्ता होती है या आंदोलन और तेज होता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# महर्षि अरविंद घोष कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

■ छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर का सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया।

परीक्षाफल के साथ सत्र में कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण डबराल व समाजसेवी श्याम सिंह थापा द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण डबराल द्वारा सत्र 2025-26 की उपलब्धियों एवं प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों तथा छात्र छात्राओं के सम्मुख पेश की गई।

साथ ही नवीन सत्र के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्ताव एवं कार्य योजनाओं पर अभिभावकों से चर्चा कर जानकारी दी गई। इस अवसर पर नितिन कुमार ने छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि छात्रों को अध्ययन के साथ साथ अच्छा नागरिक बनकर देश की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सरिता सैनी व सुमिता लखरवाल ने किया। इस मौके पर अध्यापक भरत सिंह, सुषमा राणा क्षेत्र पंचायत सदस्य डाकपत्थर आदि मौजूद रहे।

# हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में नवीन सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के कार्यक्रम के साथ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, चन्द्र प्रकाश शर्मा, बाज सिंह, तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

पंडित मनोज पैनुली के द्वारा हवन पूजन का कार्य सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम नव प्रविष्ट छात्र छात्राएं भी सम्मिलित हुए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को नवीन सत्र के लिये हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हिमाचल से ककाड़ी गांव एक रात्रि प्रवास पर पहुंची भगवान परशुराम एवं माता रेणुका की देव पालकियां

■ मन्नत पूरी होने पर दौलत सिंह ने देव पालकियों को अपने घर आमन्त्रित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से जाने जाते है, यहां पर अलग अलग गाँवों में कुल आराध्य देवताओं के मंदिर स्थापित है।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के माशू गाँव स्थित प्राचीन भगवान परशुराम मन्दिर में देहरादून जिले के जौनसार बावर क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था है। इसी कड़ी में जौनसार के ककाडी गाँव निवासी दौलत सिंह बिष्ट के परिजनों ने कई सालो पूर्व माशू गाँव स्थित परशुराम मन्दिर में अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मन्नत मांगी थी। जिसके पूर्ण होने पर दौलत सिंह बिष्ट ने देव पालकीयों को एक रात्री प्रवास पर अपने घर आमन्त्रित किया।

जिसके लिए मंगलवार को ककाडी गाँव से दौलत सिंह बिष्ट देव पालकी को लेने अपने कुछ ग्रामीणों के साथ हिमाचल के माशू गाँव स्थित परशुराम मन्दिर पहुँचे। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे मंदिर के पुजारी वीरेंद्र शर्मा, वजीर अजब सिंह, भण्डारी गुलाब सिंह चौहान, देव माली श्याम सिंह चौहान, कंठीराम सहित माशू गाँव के लगभग 150 ग्रामीणों ने माता रेणुका और भगवान परशुराम की देव पालकीयों के साथ माशू से जौनसार के ककाडी गाँव के लिए प्रस्थान किया। देव पालकीयां तूनियाँ, हरिपुर, सहिया, अलसी, सकनी, कनबुआ होते हुए ककाडी गाँव पहुंची।

इस दौरान जगह जगह लोगों ने देवता के दर्शन किए।

देव पालकीयों के ककाडी गाँव पहुंचने पर भगवान परशुराम और माता रेणुका के जयकारो से माहौल भक्तिमय हो गया। देवता के दर्शन के लिए आसपास के गाँवों से श्रद्धालु ककाडी गाँव पहुँचे। पालकीयों के घर पहुंचने पर घर की महिलाओं ने धूप देकर पूजा अर्चना की इसके बाद देव पुजारी ने विधिवत देव पालकीयों को घर में प्रवेश कराया और दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख शांति की कामना की और प्रसाद रूपी भंडारे की ग्रहण किया। गुरुवार को देवता ककाडी गाँव से अपने मूल स्थान माशू के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एक नजर .......

### परिवहन विभाग ने 92 वाहनों को किया सीज

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी निकिता खंडेलवाल के निर्देश पर परिवहन विभाग ने चारधाम यात्रा को देखते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में टीम गठित कर सघन अभियान चला रही है। एआरटीओ सत्येन्द्र राज ने बताया कि बुधवार को टीम ने कुटठा, बीपुरम क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कुल 43 चालान व 92 वाहन को सीज करने की कार्यवाही की गई जिसमें एक प्राइवेट वाहन स्कूटी चालक को शराब पीकर वाहन चलाने पर टिहरी पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**देहरादून।** जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता, भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। भारतीय दर्शकों और घर के मालिकों के बीच अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के लिए मशहूर अक्षय कुमार, ब्रांड में प्रामाणिकता और एक सहज जुड़ाव लेकर आते हैं। जेके मैक्स पेंट्स एक ऐसी विरासत लेकर आता है, जिस पर लोग पहले से भरोसा करते हैं। अप्रैल 2023 में लॉन्च हुआ जेके मैक्स पेंट्स, श्जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी (जेके व्हाइट सीमेंट) की मजबूत नींव पर आधारित है।

# थानाध्यक्ष ने हॉस्टल, होटल, ढाबों के मालिकों को एसएसपी के निर्देशों की दी जानकारी

■ पुलिस ने ऑपरेशन नाइट वॉच चलाते हुए बड़े स्तर पर की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** हुड़दंगी छात्रों/युवकों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी दून के निर्देशों पर शुरू हुआ सहसपुर पुलिस का 'ऑपरेशन नाइट वॉच'। पुलिस ने बीती रात्रि सघन चेकिंग अभियान 'ऑपरेशन नाईट वॉच' चलाते हुए बड़े स्तर पर कार्यवाही की है।

सहसपुर पुलिस द्वारा रात्रि में सघन चेकिंग अभियान 'ऑपरेशन नाईट वॉच चलाते हुए रैश ड्राइविंग में 6 वाहन सीज मॉडिफाइड साइलेंसर 5, बिना हेलमेट 10, चालान कोर्ट 11, 83 पुलिस एक्ट में 2, 81 पुलिस एक्ट में 5, ड्रंक एंड ड्राइव में 2 चालान काटते हुए 16000 रूपये का सयोंजन शुल्क वसूला।

वहीं थाना सहसपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित हॉस्टल/पीजी संचालकों तथा होटल/ढाबों के मालिकों के साथ प्रभारी निरीक्षक सहसपुर द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई। सभी को एसएसपी देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों से भली भांति अवगत कराया गया। अपने हॉस्टल/पीजी में निवासरत छात्रों व अन्य लोगों का सत्यापन करने, आगंतुक रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर के अलावा किसी भी अवांछित घटना में सम्मिलित होने के संबंध में पुलिस को तुरंत सूचना देने सम्बन्धी सख्त निर्देश दिए गए।

कोतवाली सहसपुर प्रभारी ने सभी को सीसीटीवी लगाने व नोटिस में दिए गए। इसके अलावा देर रात खुलने वाले होटल ढाबो के संचालकों को सख्त चेतावनी दीं गई की वो अपने अपने होटल ढाबों में सीसीटीवी कैमरा लगाएंगे तथा किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देंगे। रात्रि 11 बजे के बाद सभी होटल ढाबे पूर्णतया बंद रहेंगे। किसी भी प्रकार का नशा होटल ढाबों में सख्त मना किया गया।

# यात्रा मार्गों पर दुरुस्त की जा रही स्वास्थ्य सेवाएं: सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य विकास अधिकारी श्याम विजय ने बताया कि चारधाम यात्राओं को लेकर जिलाधिकारी नितिका खंडेवाल के निर्देश पर जनपद के यात्रा मार्गों में स्वास्थ्य सेवाों का उचित प्रबंध किया गया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश, गंगोत्री, यमुनोत्री वं केदारनाथ, बदरीनाथ के अलावा अन्य तीर्थ स्थलों पर यात्रियों का आगमान बना रहता है। जिसके चलते सभी याघ्त्रा मार्ग पर चिकित्सा व्यवस्थाओं पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी यात्रा मार्गों पर चिकित्सा इकाइयां को स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के लिए वर्तमान में चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए 22 चिकित्स मिले हैं जिन्हें विभिन्न स्थानों पर प्राथमिकता के साथ तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा जो पूर्व में चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी तैनात किए गए है उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्ग में चिकित्सा इकाइयों में पर्याप्त मात्रा में मैनपावर, दवाइयों के अलावा अन्य उपकरणों को व्यवस्थित ढंग से रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि यात्रा काल के दौरान किसी भी यात्री को उपचार संबंधी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि किसी पर्यटक को गहन चिकित्सा की जरूरत पडती है तो इस दशा में अपने उच्च अधिकारियों से तत्काल संपर्क करना सुनिश्चित करें ताकि मरीजों का समय रहते उपचार किया जा सके।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज, ज्योतिपुरम तिलोथ (उत्तरकाशी) में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वर्षभर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण गत वर्ष के मेधावी छात्रों की माताओं को "श्रीमती कमला नेहरू पुरस्कार" से सम्मानित किया जाना रहा, जिससे पूरे वातावरण में गर्व और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गौतम जी (जिला प्रचारक, उत्तरकाशी) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुधा गुप्ता जी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा, उत्तरकाशी) ने की। इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह गुसाईं, संरक्षक मुरारीलाल भट्ट, अधिवक्ता राजेन्द्र जगूड़ी, कोषाध्यक्ष डॉ. रमाशंकर बनूणी, सह-व्यवस्थापक श्री विजय डोबरियाल (सहायक अभियंता, यू.जे.वी.एन.एल.), संकुल प्रमुख देवी प्रसाद नौटियाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती ऋतु राणा (अध्यक्षा, राजीव महाशय सरस्वती शिशु मंदिर तिलोथ), चंद्रमोहन पंवार (गंगोत्री फिजिकल एकेडमी), डॉ. सीताराम अग्रवाल (सेवानिवृत्त प्रोफेसर), आदित्य चौहान (सभासद, वार्ड संख्या 3), बरफ सिंह राणा (सेवानिवृत्त प्रवक्ता), इलम सिंह पंवार (पूर्व व्यवस्थापक), आशीष बिजल्वाण (अध्यापक एवं प्रबंध समिति सदस्य) तथा कविता पंवार (प्रबंध समिति सदस्या) सहित अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन उनियाल जी ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ संपन्न हुआ।

# न्यू टिहरी प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी टिहरी की ओर से न्यू टिहरी प्रेस क्लब में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें टिहरी जिलाध्यक्ष आशा रावत और उनकी टीम के तीन वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विकासखंडों की महिला पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में आशा रावत ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलने की बात कही और कांग्रेस को महिलाओं के हितों की पक्षधर पार्टी बताया।

वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल और पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने महंगाई और गैस कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

महिला नेत्रियों ममता उनियाल और शगुफ्ता परवीन ने 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टिहरी कॉम्पलेक्स टीएचडीसी के मुख्य महाप्रबंधक बने सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में आर. आर. सेमवाल ने कार्यभार ग्रहण किया। आर.आर. सेमवाल ने मदनमोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोरखपुर से इलैक्ट्रिकल में स्नातक उपाधि प्राप्त की है एवं आई.आई.टी. रुड़की से पीएचडी है।

पूर्व मुख्य महाप्रबंधक एम.के. सिंह की सेवानिवृत्ति के पश्चात उच्च प्रबंधन वर्ग द्वारा श्री सेमवाल को इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व, सेमवाल टीएचडीसीआईएल ऋषिकेश में मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रो मैकेनिकल डिजाइन विभाग) के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने टीएचडीसीआईएल की विभिन्न परियोजनाओं में अपनी कार्यकुशलता से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सेमवाल ओ.एण्ड एम. एवं डिजाइन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है द्य उनके पास जल विद्युत परियोजनाओं का गहरा अनुभव है, जो टिहरी कॉम्प्लेक्स के अधीन परियोजनाओं के कुशल संचालन में सहायक होगा।

जिसके फलस्वरूप प्रबन्धन वर्ग द्वारा उन्हें मुख्य महाप्रबंधक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) का प्रभार सौंपा गया है आर.आर. सेमवाल के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर महाप्रबंधक (पीएसपी) एस. के. शाहू, अपर महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.) श्री भगत सिंह, अपर महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.) कोटेश्वर दिनेश चौहान, अपर महाप्रबंधक (नियोजन) विपिन सकलानी, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा, गुण नियंत्रण) बी.डी. सेमवाल, उप महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) मोहन सिंह श्रीस्वाल, प्रबंधक (जनसम्पर्क) मनबीर सिंह नेगी, प्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.) जे.पी. बिजल्वाण, उप प्रबंधक (सुरक्षा) पुरुषोत्तम सिंह रावत सहित विभिन्न यूनियनों, एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जिसमें कृष्णपाल सिंह बिष्ट, जयंती सेमवाल, श्री लक्ष्मी सकलानी, महेश उनियाल, सी.पी. सकलानी, रामानंद सेमवाल, श्री पंकज चमोली आदि थे।

# छात्र-छात्राओं को वितरित की स्कूल बैग व डायरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** श्री सेम नागराजा शिक्षण संस्थान, दीनगांव का 10वां वार्षिक समारोह नवसृजन शिक्षा संवाद के रूप में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत 70 छात्र-छात्राओं को एक-एक स्कूल बैग और शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित होमवर्क डायरी वितरित की।

बुधवार को आयोजित समारोह में पूर्व प्रमुख प्रदीप रमोला ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। इसे सुदृढ़ बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग और सहयोगी बनने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रतापनगर क्षेत्र के सभी इंटर कालेजों में पुस्तकालयों की स्थापना कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें प्रदान कीं, जिनका विद्यार्थी आज बखूबी लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य हेमराज राणा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुमन राणा ने पूर्व प्रमुख रमोला का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रधान सोहनपाल राणा, पूर्व प्रधान नरेंद्र कैंतुरा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अषाड़ी देवी, शिक्षिका माधुरी देवी, चतर सिंह, चंदन सिंह, चंद्रपाल सिह, देव सिंह कैंतुरा, घनश्याम सिह आदि मौजूद रहे।

# राजकीय आदर्श विद्यालय में शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

■ नि:शुल्क पुस्तकों का वितरण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, नई टिहरी में बुधवार को शैक्षिक सत्र 2026, 27 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। सत्र के प्रथम दिवस पर छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल से विशेष रूप से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया कि वे मन लगाकर अध्ययन करें और अपने विद्यालय, शिक्षकों तथा जनपद का नाम रोशन करें वहीं नई पुस्तकें प्राप्त कर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मो. तस्लीम कुरैशी ने कहा कि शैक्षिक सत्र की शुरुआत इस सकारात्मक पहल के साथ होना विद्यालय की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिला समन्वयक अनिल बिष्ट ने जानकारी दी कि यह अभियान जनपद के सभी राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है।

फर्म से पुस्तकें प्राप्त होते ही विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक टी.टी. राणा, समस्त विद्यालय स्टाफ तथा जिला परियोजना कार्यालय (समग्र शिक्षा) से वीरेन्द्र राणा, अनिल बिष्ट एवं अनीता रावत उपस्थित रहे।

# आचार्य बालकृष्ण को मिला 'विश्व आयुर्वेद रत्न' सम्मान

## यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित अर्थ अवार्ड 2026 में मिला सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण में निरंतर कार्य कर रहे आचार्य बालकृष्ण को एक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है।

नेट ग्रीन फाउंडेशन की ओर से आयोजित अर्थ अवार्ड एंड हाई इंपैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के अंतर्गत उन्हें 'विश्व आयुर्वेद रत्न' से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी समारोह यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित हुआ। जिसमें देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे। हालांकि आचार्य बालकृष्ण इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इस सम्मान को आयुर्वेद की उस महान परंपरा को समर्पित किया, जो हजारों वर्षों से मानवता के समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग प्रशस्त करती आई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान




किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि उस समृद्ध भारतीय परंपरा का है, जिसने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांत को जीवन में उतारा। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा तथा यूनेस्को की प्राकृतिक विज्ञान इकाई के प्रमुख डा. बेन्नो बोएर सहित कई अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ और नीति-निर्माता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने आयुर्वेद और सतत विकास के बीच गहरे संबंध पर विचार साझा किए।

**नेट ग्रीन फाउंडेशन सतत विकास का वैश्विक मंच:** नेट ग्रीन फाउंडेशन एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, जो पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऐसे प्रयासों को पहचान देना है, जो प्रकृति और मानव के बीच संतुलन स्थापित करें। अर्थ अवार्ड इसी पहल का हिस्सा है, जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाता है।

**आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाई:** आचार्य बालकृष्ण ने आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर उसे विश्व पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पतंज. लि के माध्यम से उन्होंने न केवल आयुर्वेदिक उत्पादों को घर-घर तक पहुंचाया, बल्कि शोध, शिक्षा और औषधीय पौधों के संरक्षण में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

## जल निकाय पुनरुद्धार से भूजल सेहत सुधारने की तैयारी

**देहरादून।** केंद्रीय जल शक्ति अभियान से राज्य में 1300 पारंपरिक जल निकायों का हुआ पुनरुद्धार, 646 पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण और 15.5 हजार से अधिक के चिन्हीकरण से राज्य में भूजल की सेहत सुधारने की तैयारी। इसी तरह 19.52 हजार हेक्टेयर की अधिकतम सिंचाई क्षमता के साथ 422 सतही लघु सिंचाई योजनाएं भी शुरू की गई हैं और उत्तराखंड में 11,430 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के जलभंडारण का मानचित्र भी पूरा किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र ने संसद में प्रदेश के छोटे किसानों के लिए सिंचाई परियोजनाएं से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों पर ये जानकारियां सामने आई हैं। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने इस बारे में उत्तराखण्ड की प्रगति के बारे में जानकारी दी। बताया कि उत्तराखंड में पीएमकेएसवाई-एचकेकेपी के अंतर्गत गुल नहर निर्माण, टैंक निर्माण और पाइपलाइन कार्यों से संबंधित कुल 422 सतही लघु सिंचाई (एसएमआई) योजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में छोटे किसानों के लिए गुल, नहर, तालाब और पाइपलाइन लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं जैसी सिंचाई योजनाएं

# बंसल ने सदन मे पंचायतों की स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रहण क्षमता का विषय उठाया

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा ने सदन मे पंचायतों की स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रहण क्षमता का विषय उठाया। इस महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर मे पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय ने पंचायतों के ओएसआर की स्थिति की समीक्षा करने के लिए वर्ष 2022 में ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्वयं के राजस्व स्रोत (ओएसआर) पर विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 के दौरान 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) द्वारा लगभग 25,595 करोड़ रूपये का



ओएसआर एकत्र किया गया है और इस अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति ओएसआर लगभग 59 रूपये प्रतिवर्ष था। राज्यों में प्रति व्यक्ति ओएसआर में काफी भिन्नता विद्यमान है, जो गोवा में 1635 रूपये प्रति वर्ष तक है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पंचायतों को ओएसआर तैयार करने में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनमें राज्य स्तरीय नियमों और दिशानिर्देशों का अभाव होना या उनका पुराना पड़ गया होना है। पंचायतों को कराधान शक्तियों का अपर्याप्त हस्तांतरण होना, कर और शुल्क लगाने के लिए पंचायतों की अनिच्छा होना, नागरिकों का सीमित सहयोग होना और डिफॉल्टर के लिए कमजोर प्रवर्तन तंत्र आदि शामिल हैं। इस विषय पर किए गए अन्य अध्ययनों के परिणाम भी इसी प्रकार हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने इन रिपोर्टों को कार्यान्वयन हेतु राज्यों के साथ साझा किया है।

इसके अलावा 16वें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट के पैरा संख्या 10.50 में यह टिप्पणी की है कि, अधिकांश स्थानीय निकायों द्वारा सृजित स्वयं के संसाधन नगण्य हैं। वे अपने कार्यों को पूरा करने के लिए यदि पूरी तरह नहीं तो, काफी हद तक केंद्र और राज्य सरकारों पर निर्भर हैं।

## सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी को दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के निधन पर उनके जोहड़ी, देहरादून स्थित आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सैनिक कल्याण मंत्री जोशी गढ़ी कैंट स्थित मोक्ष धाम पहुंचकर सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई भी दी। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने उनके परिजनों से भी भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना भी की।

# आपदा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज लोक भवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले देहरादून जिले के कार्मिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सम्मानित कार्मिकों के समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

गौरतलब है कि जनपद देहरादून में 15-16 सितम्बर, 2025 की रात्रि को सहस्त्रधारा-कार्लीगाड क्षेत्र में हुई भीषण वर्षा एवं बादल फटने की घटना से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। घटना के तुरंत बाद जिला



**राज्यपाल ने सभी सम्मानित कार्मिकों के समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया**

प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए गए। इस आपदा में कई कार्मिकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया, जिन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन समय में एक "फ्रंटलाइन लीडर" के रूप में कार्य करते हुए न केवल प्रशासन का प्रभावी नेतृत्व किया, बल्कि अपनी टीम के साथ मिलकर उत्कृष्ट समन्वय एवं तत्परता का परिचय दिया। राज्यपाल ने जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करने की पहल की भी सराहना की और कहा कि यह पहल अन्य लोगों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन एवं पूर्व तैयारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सैनिकों, सुरक्षाबलों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों ने निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए अपने आराम और सुरक्षा की परवाह किए बिना समाज और राष्ट्र की सेवा की है। उनका यह समर्पण और त्याग समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह उपस्थित रहे।

### इन अधिकारियो व कर्मचारियों का हुआ सम्मान

सम्मानित होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी हर गिरि, अपर उप जिलाधिकारी न्यायिक कुमकुम जोशी, पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार असवाल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.ए. भट्ट, कनिष्ठ सहायक जिला सूचना कार्यालय देहरादून इन्द्रेश कोठारी, लाइनमैन यूपीसीएल देहरादून अमन, कनिष्ठ अभियन्ता लो.नि.वि. देहरादून प्रदीप शाही थे।

# मुख्यमंत्री ने दी विकास योजनाओं के लिए 53.56 करोड की वित्तीय स्वीकृति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के विकास, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों मे सडकों के विकास, विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये जाने, जनपद चमोली मे प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों के पुर्ननिर्माण एवं राहत राशि, डिजीटल फोरेंसिक लैबोरेटरी की स्थापना, डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही स्मृति द्वार आदि निर्माण के लिए कुल 53.56 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र के सिटी मोबलिटी प्लान-देहरादून सम्बन्धी 06 कार्यो हेतु 33.45 करोड की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य कर विभाग, उत्तराखण्ड में डिजीटल फोरेंसिंक लेबोरेटरी की स्थापना नेशनल फोरेंसिक्स साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के माध्यम से किये जाने हेतु उक्त दोनों पक्षों के मध्य हुये अनुबंध (05 वर्ष) के अनुसार कुल धनराशि 11.27 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किये जाने का शासनादेश जारी किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मानसून अवधि 2025-26 में दिनांक 05.08.2025 के उपरान्त जनपद चमोली की समस्त तहसीलों में प्राकृतिक आपदा से पूर्णतः क्षतिग्रसत 85 आवासीय भवन तथा 17 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को राहत राशि उपलब्ध कराये जाने के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त अवशेष धनराशि 02 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेडा के ग्राम सालियर में हाईवे के समीप एक तिकोना आईलैण्ड पर संविधान निर्माण डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित किये जाने के लिए 37.12 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में जनपद के 74 छूटे तोकों में विद्युत आपूर्ति के लिए 05 करोड के अनुमोदन के साथ ही ग्राम पंचायत हौली पिपलाटी से ज्योसुडा तोक सी0सी0 रोड के निर्माण किये जाने हेतु 60.20 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के लिए न्याय पंचायत कुंवाली के ग्रामों में लॉग स्पान के 200 बिजली के पोल लगाये जाने के लिए 46.01 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सल्ट हेतु पूर्व अजेय विधायक स्व0 सुरेन्द्र सिंह जीना स्मृति द्वार के निर्माण किये जाने के लिए 41.07 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। आरोपित लोक सेवकों के सम्बन्ध में अभियोजन की स्वीकृति मुख्यमंत्री द्वारा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन संशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत धन शोधन सम्बन्धित मामले में आरोपित लोक सेवकों के सम्बन्ध में कार्यवाही के क्रम में श्री किशन चन्द (से.नि., उप वन संरक्षक/प्रभागीय वनाधिकारी) का भारतीय वन सेवा अधिकारी होने के दृष्टिगत् उनके विरुद्ध द.प्र.सं. की धारा-197 (1) (बीएनएसएस की धारा-218) के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# चारधाम यात्रा को लेकर खाद्य विभाग ने कसी कमर

**व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए केन्द्र सरकार से किया जाएगा अनुरोध ■ सचिव आनंद स्वरूप की तेल कंपनियों के साथ की बैठक**

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सीजन के दौरान कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की मांग में वृद्धि को देखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने कमर कस ली है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के निर्देशों के क्रम में भारत सरकार से व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेण्डरों के अतिरिक्त आवंटन हेतु भारत सरकार से मांग की जाएगी। विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत आकलन करते हुए मांग का निर्धारण किया गया है तथा भारत सरकार को प्रेषित किए जाने वाले प्रस्ताव के बिंदुओं को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है, ताकि यात्रा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की आपूर्ति बाधित न हो।

सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में बुधवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सीजन के दौरान संभावित मांग, भंडारण क्षमता, आपूर्ति श्रृंखला, परिवहन व्यवस्था तथा वितरण तंत्र की विस्तार से समीक्षा की गई।

सचिव आनंद स्वरूप ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान प्रदेश में लाखों श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन होता है, जिससे होटल, धर्मशाला, ढाबा, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस सहित अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस की खपत में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की जाती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सचिव श्री आनंद स्वरूप ने तेल विपणन कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति को हर स्थिति में सुचारू, संतुलित एवं निर्बाध बनाए रखा जाए। चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण अवसर के लिए कंपनियों को अग्रिम योजना के तहत पर्याप्त स्टॉक एवं लॉजिस्टिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी, ओवरचार्जिंग एवं अन्य अनियमित. ताओं को रोकने हेतु प्रदेशभर में सघन प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रखा जाए।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विभाग द्वारा केवल एलपीजी ही नहीं, बल्कि डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। राज्य में ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित कंपनियों के साथ नियमित समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि परिवहन, आपातकालीन सेवाओं एवं आम जनजीवन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सचिव आनंद स्वरूप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से नवंबर तक की अवधि के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पंजीकृत लगभग 14,901 होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में व्यवसायिक एलपीजी गैस की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में अपर आयुक्त पीएस पांगती, आईओसीएल के डिवीजनल हैड स्वर्ण सिंह, बीपीसीएल के टेरीटरी मैनेजर जेएल प्रसन्ना, एचपीसीएल के चीफ रीजनल मैनेजर पंकज आदि उपस्थित रहे।

## जनपद टिहरी में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सामान्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों के अनुपालन में गैस एजेंसियों एवं पूर्ति विभाग आपसी समन्वय के साथ गैस वितरण की कार्यवाही कर रहा है उन्होंने कहा कि जनपद टिहरी गढ़वाल में घरेलू एलपीजी गैस की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने अवगत कराया कि विगत दिवस जनपद में स्थित सेवा प्रदान करने वाली गैस एजेंसियों को कुल 1392 घरेलू एलपीजी सिलेंडर प्राप्त हुए, जबकि एजेंसियों द्वारा 2366 सिलेंडरों का सफलतापूर्वक वितरण उपभोक्ताओं को किया गया। वितरण के उपरांत एजेंसियों के पास 3193 सिलेंडर का स्टॉक शेष उपलब्ध है। जनपद की विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा थाती डागर, जाखणी, कीर्तिनगर, देवप्रयाग, भल्डियाना, उप्पू, खांखर, सुनाराकोट, नौर सहित अन्य क्षेत्रों में भी नियमित रूप से गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों हेतु जनपद को प्रतिदिन 212 सिलेंडरों का आवंटन प्राप्त हो रहा है, जिसके अनुसार श्रेणीवार एवं एजेंसीवार वितरण सुनिश्चित किया गया है। विगत दिवस 19 किग्रा श्रेणी के 77 सिलेंडर प्राप्त हुए, जबकि 105 सिलेंडरों का वितरण किया गया। एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था के प्रभावी अनुश्रवण हेतु गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल द्वारा नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों सहित कुल 414 निरीक्षण किए जा चुके हैं, जिनमें 14 घरेलू गैस सिलेंडरों की जब्ती की कार्यवाही की गई है।

## यूजेवीएन लिमिटेड के विद्युत गृहों ने किया रिकॉर्ड उत्पादन

**देहरादून।** उत्पादन की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2025-26 यूजेवीएन लिमिटेड के लिए बेहतरीन वर्ष साबित हुआ है। ज्ञातव्य है कि निगम की परियोजनाओं द्वारा नदी जल की उपलब्धता के अनुरूप ही उत्पादन किया जाता है तथा इस वर्ष परियोजनाओं के जल संग्रहण क्षेत्र में कम वर्षा एवं हिमपात के कारण अधिकांश समय नदियों का जलस्तर कम ही रहा है। इन विकट परिस्थितियों में भी निगम के अधिकांश विद्युत गृहों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ष के अंत तक अपने तय विद्युत उत्पादन लक्ष्य को पार कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से रखरखाव एवं संचालन के परिणामस्वरूप मशीनों की उपलब्धता 90 प्रतिशत के आस-पास रही जो कि उत्पादन को बेहतरीन बनाने में सहयोगी रही। उन्होंने बताया कि वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं के साथ ही लघु जल विद्युत परियोजनाओं का भी इस रिकॉर्ड उत्पादन में सराहनीय योगदान रहा। अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में यूजेवीएन लिमिटेड के ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, तिलोथ, चीला, रामगंगा, व्यासी, गलोगी, दुनाव, उर्गम, कालीगंगा प्रथम एवं द्वितीय तथा मध्यमहेश्वर विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु तय किए गए लक्ष्यों से अधिक विद्युत उत्पादन किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे का नाम **कियान राज तिवारी (KIAAN RAJ TIWARI)** से बदलकर **रिदान राज तिवारी (RIDAAN RAJ TIWARI)** कर दिया है। अब से उसे **रिदान राज तिवारी (RIDAAN RAJ TIWARI)** नाम से जाना जाएगा।

जन्म प्रमाण पत्र B2021:5-90170015568, **गरिमा राज**, निवासी 11/6, विंग 6, प्रेमनगर, देहरादून।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल**

पत्रांक : 02/कोटेशन/न0पा0प0/नरेन्द्रनगर/2025-26 दिनांक : 01/04/2026

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर के द्वारा नीचे दिये गये तालिका में अंकित कार्य करवाया जाने हैं, जिसके दृष्टिगत इच्छुक कम्पनी/फर्म/डीलर से दिनांक 08 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आंमत्रित किये जाते है, जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। **कोटेशन से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों एवं डिजाईन की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।** कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | विवरण | अभ्युक्ति/दर |
|---|---|---|
| 01 | • एल0 सेफ में ऑफिस टेबल(लकडी)-01 ल0-05 फिट चौ0 2.5 फिट(एल0 सेफ में 4.5 फिट)<br>• कार्मिक हेतु कुर्सी-03<br>• अटेण्डेंट हेतु कुर्सी-04<br>• स्टोर रूम हेतु रैक-15(एम0एस0) ऊ0 6.5 फिट चौ0 2.5 फिट 5 स्लैब सहित | इच्छूक फर्म अपनी दरें प्रति नग में भरी जायेगी। |
| 02 | भूकंप वेधशाला के निकट कर्मचारी आवास हेतु भूगर्भीय निरीक्षण एवं डी0पी0आर0 बनाने का कार्य | इच्छूक फर्म द्वारा अपनी दरें प्रतिशत में भरी जायेगी। |

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्
नरेन्द्र नगर टि0ग0।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेज्जूपुर, भगवानपुर।**

पत्रांक: मेमो / नीलामी ठेका / 2026-27 सूचना दिनांक- 31/03/2026

**ठेका तहबाजारी पीठ नीलामी तेज्जूपुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शनिवार के दिन ग्राम पंचायत तेज्जूपुर में भरने वाली पीट (हाट बाजार) तहबाजारी का ठेका सार्वजनिक बोली द्वारा दिनांक 04/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वान्ह पंचायत भवन तेज्जूपुर पर छोड़ा जाएगा। जो व्यक्ति ठेका लेना चाहते हैं वो निश्चित समय पर नीलामी स्थल पर पहुँचकर नीलामी की प्रकिया में भाग ले सकते हैं।

**ठेका तहबाजारी पीठ निलामी हेतु नियम व शर्तें।**

1- नीमाली प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए बोलीदाता को नीलामी प्रक्रिया से पूर्व 5000.00 रूपये नगद धनराशि धरोहर राशि के रूप में ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तेज्जूपुर के पास जमा कराने होंगे।
2- नीलमी हेतु न्यूनतम बोली 100000- रूपये से प्रारम्भ की जाएगी।
3- अधिकतम बोलीदाता को ही ठेका तहबाजारी वसूलने का अधिकार ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा।
4- यह ठेका दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक मान्य रहेगा।
5- चयनित बोलीदाता को लगायी गयी बोली की 50 प्रतिशत धनराशि निलामी वाले दिन ही ग्राम पंचायत तेज्जूपुर के ग्राम पंचायत निधि के खाते में जमा करानी होगी व बैंक में जमा धनराशि की रसीद को ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कराना होगा। व शेष 50 प्रतिशत धनराशि 31 जुलाई, 2026 तक एक किस्त के रूप में ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराना होगा।
6- चयनित बोलीदाता यदि समय धनराशि को ग्राम पंचायत के खाते में जमा नहीं कराता है तो उसका ठेका तहबाजारी वसूलने का अधिकार स्वतः ही समाप्त माना जाएगा, तथा धरोहर राशि को ग्राम पंचायत के द्वारा जब्त कर ली जाएगी।
7- नीलामी समिति को बोली स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का व पुनः नीलामी करने का अधिकार होगा, नीलामी स्थल पर नीलामी समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
8- बोलीदाता ग्राम पंचायत तेज्जूपुर का डिफॉल्टर नहीं होगा।

**नोट:-** सामान्य जानकारी प्राप्त करने हेतु ग्राम प्रधान श्रीमती गौतम रानी (9719585803), एवं श्री अनुराग दत्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (9675346498) से मिलकर या दूरभाष पर बात कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत तेज्जूपुर
विकास खण्ड- भगवानपुर।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत तेज्जूपुर
विकास खण्ड- भगवानपुर।

# लखनऊ ने दिल्ली को 142 का टारगेट दिया

### अब्दुल समद ने 36, मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए, नटराजन-एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए



**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के पांचवें मैच में लखनऊ सुपररजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में डीसी ने बालिंग चुनी। होम टीम एलएसजी 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और थंगारसु नटराज ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। लखनऊ से पहली बार ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत 7 रन बनाकर रन आउट हो गए। 19वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर एनरिक नार्त्या और चौथी गेंद पर मोहसिन खान को कैच करा दिया। इसी के साथ लखनऊ 141 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नाटआउट रह गए। थंगारसु नटराजन ने 18वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने अब्दुल समद को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। समद ने 36 रन बनाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने मोहम्मद शमी को भी कैच करा दिया। नटराजन ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। 16 ओवर के बाद लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बना लिए। कुलदीप ने 2 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 6 रन दिए। 14वें ओवर लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल कुलदीप यादव ने गुड लेंथ पर फेंकी। मुकुल चौधरी डिफेंड करने गए, लेकिन कुलदीप को ही कैच दे बैठे। मुकुल ने डेब्यू मैच में 14 रन बनाए। कुलदीप ने मिचेल मार्श को भी पवेलियन भेजा था। 10वें ओवर में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल कुलदीप यादव ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। मिचेल मार्श लान्ग आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 35 रन बनाए।

### 21 भाषाओं में खेल वर्णमाला का एक साथ लोकार्पण

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक अभूतपूर्व आयोजन में एक ही स्थान पर, एक ही समय पर, एक ही विषय पर, एक साथ 21 भाषाओं में किसी पुस्तक का विमोचन सम्पन्न हुआ। स्पोर्ट्स ए वे ऑघ लाइफ संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान एवं हिमाचल के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने की। इस अवसर पर विख्यात हॉकी खिलाघी, ओलम्पियन एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचन्द, संस्था के उपाध्यक्ष डॉ- मिलिन्द पाण्डेय सहित भारत के विभिन्न प्रान्तों के माननीय सांसदगण उपस्थित हुए और उन्होंने एक साथ 21 भाषाओं में तैयार खेल वर्णमाला का एक साथ अपने कर कमलों से लोकार्पण किया। संस्था के अध्यक्ष एवं विख्यात खेल शोधकर्ता डॉ- कनिष्क पाण्डेय की यह संकल्पना भारत में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए पिछले एक दशक से लगातार जारी शोध एवं प्रयोगों का परिणाम है।

## मर्फी, डॉगेट 2026-27 के लिए ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में सबसे आगे

**मेलबर्न, वार्ता।** भारतीय धरती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 के लिए 21-सदस्ईय सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी को शामिल किया है और मैथ्यू कुहनेमैन को बरकरार रखा गया है। चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग को मजबूत करने पर जोर दिया है, क्योंकि 38 वर्षीय नाथन लियोन पिछले साल घरेलू एशेज के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबरकर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट को अपना पहला पूर्ण कॉन्ट्रैक्ट मिला,

जबकि सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने पिछले गर्मियों में मिली अपनी अपग्रेडेड डील को बरकरार रखा। घरेलू गर्मियों में शानदार प्रदर्शन के बाद माइकल नेसर भी इस लिस्ट में वापस आ गए हैं। पिछले चक्र से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (रिटायर्ड), सैम कोन्स्टास, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और मैट शॉर्ट शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट 2026-27: जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग. लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, बो वेबस्टर, एडम जम्पा। आगे का शेड्यूल काफी व्यस्त है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल 15 टेस्ट मैच खेलने वाला है: दो घरेलू मैच बांग्लादेश के खिलाफ, तीन दक्षिण अफ्रीका में, चार घरेलू मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ, और भारत का पांच टेस्ट मैचों का दौरा, साथ ही एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का एक विशेष मैच। इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो सकता है, और फिर 2027 के मध्य में पांच टेस्ट मैचों का एशेज दौरा होगा। पुरुषों के राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का उद्देश्य समय के साथ किए गए प्रदर्शनों को पुरस्कृत करने और आने वाले शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाना है। अगले 12 महीनों में अलग-अलग तरह के हालात और चुनौतियों के बीच टेस्ट मैचों का एक व्यस्त शेड्यूल है - इसमें दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के साथ-साथ 'टॉप एंड' और गर्मियों में होने वाले घरेलू टेस्ट मैच शामिल हैं। इस बात की झलक कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में भी दिखती है, जिसमें इस साइकल के लिए टेस्ट और मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को ज्यादा अहमियत दी गई है। आने वाली सीरीज के शेड्यूल को देखते हुए, हम जानते हैं कि हमें कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर के खिलाड़ियों की भी जरूरत पड़ती रहेगी और हम उनका इस्तेमाल करते रहेंगे।

**खेल विशेष**

### विश्वनाथ सुरेश और सचिन एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार/वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकजात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब अपने क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे। महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह (पुरुषों का 55किग्रा) टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था। आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा, जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है।

## श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना




**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 4 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# KKR को घरेलू मैदान से फायदे की उम्मीद

### ईडन गार्डन्स में मुकाबला आज, एसआरएच को अपनी जबर्दस्त बल्लेबाजी पर भरोसा

**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के गुरुवार को होने वाले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जहां अपने घरेलू मैदान से परिचित होने का फायदा मिलने की उम्मीद है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद एसआरएच को अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी की ताकत पर भरोसा है।




अब सवाल यह उठता है कि क्या हैदराबाद की जबरदस्त बल्लेबाजी कोलकाता के स्पिन-प्रधान गेंदबाजी पर भारी पड़ पाएगी, या कोलकाता का संतुलन और घरेलू फायदा एक बार फिर अपना असर दिखाएगा। पिच की बात की जाए तो ईडन गार्डन्स में, एक ऐसा मैदान जहां रनों की बौछार और अचानक विकेट गिरने, दोनों तरह के नजारे देखे गए हैं, पिच शायद ही कभी एक मूक दर्शक की तरह रहती है। हां, यह रन बनाने का मौका देती है, लेकिन यह सब्र का इनाम भी देती है और बेसब्र होने पर सजा भी देती है। रात में, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है, जिससे बल्लेबाजो को शॉट खेलने का प्रोत्साहन मिलता है, हालांकि स्पिनरों को भी पिच से इतनी मदद मिलती है कि बीच के ओवरों में बल्लेबाजो की तकनीक के साथ-साथ उनके सब्र की भी परीक्षा होती है। कोलकाता की बात करें तो, उनकी टीम नियंत्रित आक्रामकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। अजिक्य रहाणे पारी की शुरुआत में स्थिरता लाते हैं। वह एक ऐसे बल्लेबाज जो रनों के साथ-साथ क्रीज पर टिकने को भी उतना ही महत्व देते हैं। जबकि फिन एलन और अंगकृष रघुवंशी अपनी युवा ऊर्जा से टीम में तेजी लाते हैं। कैमरन ग्रीन एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को मजबूती देते हैं, और रिकू सिंह एक ऐसे फिनिशर हैं जो कुछ ही गेंदों में मैच का रुख बदल सकते हैं। कोलकाता की ताकत जितनी उनकी बल्लेबाजी में है, उतनी ही उनकी गेंदबाजी में भी है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी अपनी गेंदबाजी में बारीक बदलावों के दम पर बल्लेबाजों को परेशान करती है, इस जोड़ी को वैभव अरोड़ा और कार्तिक त्यागी का साथ मिलता है, जिनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी की शुरुआत में कसी हुई गेंदबाजी करेंगे और अंत के ओवरों में मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम से अधिक विस्फोटक प्रदर्शन की उम्मीद है। पारी की शुरुआत करने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा कुछ ही ओवरों में एक सधी हुई शुरुआत को एक जोरदार और रोमांचक प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जबकि ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन मध्यक्रम को ताकत और आक्रामकता दोनों देते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा इस आक्रामकता को पारी के अंत तक बनाए रखते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि टीम की रनों की रफ्तार कभी धीमी न पड़े।हैदराबाद टीम की कप्तानी हर्षल पटेल कर रहे हैं, जो डेथ ओवर्स में वेरिएशन लाते हैं। डेविड पेन और जयदेव उनादकट नई गेंद से सीम मूवमेंट देते हैं, जबकि ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे पेस और स्पिन के विकल्प जोड़ते हैं। यह अटैक काबिल है।

# बेथलीन माकरी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता कांस्य पदक



**जगदलपुर, वार्ता।** जनवरी 2026 में रेस-वॉक शुरू करने वाली शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने स्वयं पर यकीन रखते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कांस्य पदक जीता। पिछले साल 29 दिसम्बर 2025 को शिलांग के साई के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में बेथलीन ग्रेस माकरी के कोच ने अचानक इस युवा एथलीट में एक रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। हालांकि बेथलीन खुद इस स्पर्धा के बारे में लगभग कुछ भी नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें।

पिछले साल तक, मेघालय की यह युवा एथलीट एक मिडिल और लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के तौर पर मुकाबला कर रही थीं। लेकिन 2026 की शुरुआत में, उसे अपना खेल बदलने के लिए कहा गया जिसने उसकी शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की ताकत की परीक्षा ली। खासी ट्राइब से आने वाली बेथलीन के लिए यह बदलाव बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। उनके लिए शुरुआती कुछ सप्ताह बहुत कठिन थे, जब वह रेस-वॉक की अनजान तकनीक के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रही थीं और शरीर में तेज दर्द से जूझ रही थीं। इसके चलते कई रातें बिना नींद के बीतीं और मन में आत्म-संदेह भी पैदा होने लगा। हालांकि, उनके कोच और परिवार के सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बेटी होने के नाते, बेथलीन ने इस चुनौती को स्वीकार किया और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले एडिशन में भाग लेने के लिए जगदलपुर का रुख किया। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि पहले दो हफ्ते वाकई बहुत मुश्किल थे, खासकर मेरे शरीर के लिए। रेस-वॉक की तकनीकी बारीकियां मध्यम या लंबी दूरी की दौड़ से बिल्कुल अलग होती हैं, इसलिए मुझे इसे समझने में समय लगा। इसके बाद कई रातों तक नींद नहीं आई।

## न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराया

**वेलिग्टन, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 179) की शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो गेंदें शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। 347 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत अच्छी नहीं हुई उसने 21 के स्कोर पर सुजी बेट्स (आठ) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 16वें ओवर में कायला रेनेके ने जॉर्जिया प्लिमर (23) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने मैडी ग्रीन (13) और ब्रूक हेलिडे (14) के विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। ऐसे संकट के समय इसाबेला गेज ने अमेलिया केर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान अमेलिया केर ने अपना शतक पूरा किया। वहीं इसाबेला ने अर्धशतक बनाया। 38वें ओवर में एम क्लास ने इसाबेला गेज को आउट कर साझेदारी का अंत किया। इसाबेला गेज ने 48 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 68 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (11), जेस केर (14) और रोजमेरी मेयर (दो) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड ने 49-2 ओवरों में आठ विकेट पर 350 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से अपने नाम कर लिया। अमेलिया केर ने 139 गेंदों में 23 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 179 रनों की मैच विजई पारी खेली। एम क्लास और कायला रेनेके को दो-दो विकेट मिले। सुने लूस ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 आवरों में छह विकेट पर 346 रनों का स्कोर बनाया। तेजमिन ब्रिट्स (नौ) का विकेट जल्द गिरने के बाद कप्तान लॉरा वुलफार्ट और अन्नेका बोश की जोड़ी ने पारी को संभाला तथा दूसरे विकेट लिए 132 रन जोड़ कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 28वें ओवर में ब्री इलिग ने लॉरा वुलफार्ट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वुलफार्ट ने 74 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए 69 रन बनाए। 37वें ओवर में केली नाइट ने अन्नेका बोश को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। अन्नेका बोश ने 90 गेंद में 12 चौके लगाते हुए 91 रनों की पारी खेली। सुने लूस (40), सिनालो जाफ्टा (37) और नडीन डी क्लर्क (18) रन बनाकर आउट हुई।

## जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा,

जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा काफी उत्साह पैदा करते हैं और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियन टीम के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर खुद को परखने का शानदार अवसर है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हमारे अच्छे प्रदर्शन के बाद यह सीरी हमें आगे बढ़ने और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मजबूत टीम बनने का मौघ देती है।

### गांवों में स्पोर्ट्स क्लब बनाने, खिलाड़ियों को गोद लेने को बढ़ावा देने का प्रयास

**रायपुर, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को कहा कि खेलों की संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए, खेल मंत्रालय ग्रामीण इलाकों में गांव के स्पोर्ट्स क्लब खोलने को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। आज यहां 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती खडसे ने कहा कि खेल मंत्रालय का लक्ष्य हर गांव में स्पोर्ट्स क्लब बनाना है, ष्ताकि जमीनी स्तर पर खेलों का विकास हो सके। खेल मंत्रालय प्रत्येक गांव में स्पोर्ट्स क्लब शुरू करने की कोशिश कर रहा है और केंद्र सरकार इसमें आर्थिक मदद देगी। उन्होंने कहा कि देश में खेलों की संस्कृति की अभी भी कमी है। उन्होंने कहा कि मैदान तो हैं, खासकर स्कूलों और कॉलेजों में गांवों में भी जगह की कोई कमी नहीं है, लेकिन बहुत कम लोग खेलते हैं।

# इटली की टीम तीसरी बार विश्वकप के लिए नहीं कर पाई क्वालीफाई

**बर्लिन, वार्ता।** चार बार की चैंपियन इटली, बोस्निया और हर्जेगोविना से रोमांचक प्लेऑफ मैच में हारने के बाद लगातार तीसरी बार फीफा विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही। यह मैच पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ।



जेनिका में मंगलवार को खेला गया मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर छूटा। इसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्वकप में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा कि हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा है। यह सबके लिए बहुत दुख की बात है। इटली की टीम के मुख्य कोच गेनारो गटुसो ने मैच के बाद माफी मांगते हुए कहा कि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। जेनिका में मैच की शुरुआत में इटली का पलड़ा भारी लग रहा था, जब मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए 15वें मिनट में मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन हाफटाइम से ठीक पहले मैच का रुख अचानक बदल गया। जब इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को 'लास्ट-मैन फाउल' (गोल रोकने की आखिरी कोशिश में किया गया फाउल) के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया, जिससे मेहमान टीम को लंबे समय तक बचाव की मुद्रा में खेलना पड़ा।

10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद, इटली की टीम पीछे हट गई और अपनी बढ़त बचाने की कोशिश करने लगी। लेकिन बोस्निया ने लगातार दबाव बनाए रखा और आखरिकार 79वें मिनट में उसे सफलता मिल ही गई, जब हारिस तबाकोविच ने गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अतिरिक्त समय में भी कोई भी टीम निर्णायक गोल नहीं कर पाई, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इसी शूटआउट ने आखिरकार इटली का भविष्य तय कर दिया। सैंड्रो टोनाली इटली के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो पेनल्टी स्पॉट से गोल करने में सफल रहे।

## पीरपुर अंडरपास के पास भीषण सड़क हादसा

# बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे हर सेंटर रेफर किया गया उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई घटना उस समय हुई जब तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बेंगलुरु की ओर जा रहे थे।

जैसे ही वे पीरपुर अंडरपास के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार अयान और मोहम्मद रकीब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी साकिब गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस में परिजनों ने हायर सेंटर भर्ती कराया गया जहां बुधवार को इलाज के दौरान साकिब की भी मौत हो गई ।तीन युगों के इस दर्दनाक खाते में मारे जाने की खबर से उनके परिजन में गांव में शोक की लहर तोड़ गई और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल साकिब को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी बुधवार कोसाकिब की भी इलाज के दौरान ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और मामले की जांच जारी है। इस दुखद घटना से मृतकों के गांव जबरदस्तपुर में परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कैबिनेट मंत्री ने किया राजा को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्र के उभरते खिलाड़ी राजा पहलवान को लगातार मिल रहे सम्मान के क्रम में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के बाद अब कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने भी अपने आवास/कार्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

इससे पहले मंत्री प्रदीप बत्रा ने अपने कैंप कार्यालय में राजा पहलवान को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया था। उन्होंने कहा था कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे युवाओं को प्रोत्साहित करना बेहद



जरूरी है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने खिलाड़ी की मेहनत और लगन को अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। वहीं कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने राजा पहलवान को सम्मानित करते हुए कहा कि "प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच देने की। राजा पहलवान ने अपनी मेहनत

**❖मिक्स मार्शल आर्ट नेशनल चैंपियनशिप में राजा पहलवान ने गोल्ड मेडिल जीत कर किया रुड़की व राज्य का नाम रोशन**

और लगन से यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। हमें ऐसे खिलाड़ियों पर गर्व है, जो उत्तराखंड का नाम देश-विदेश में रोशन कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि युवा खेलों में आगे बढ़कर नई ऊंचाइयों को छू सकें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दीं। राजा पहलवान ने दोनों मंत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। गौरतलब है कि राजा पहलवान ने हाल ही में मिक्स मार्शल आर्ट नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## गोकशी का फरार आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** अपराध और अपराधियों पर हरिद्वार पुलिस की करवाई लगातार जारी है। इसी के तहत गोकशी का आरोपी पकडा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार वाँछित/ईनामी अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उ0नि0 हरीश गैरोला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गोवंश संरक्षण अधिनियम में वाँछित मुर्सलीन को लक्सर क्षेत्र से दबोचा। गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक करवाई अमल में लिए जा रही है।

# गैस एजेंसी के बाहर लोगों की लगी लंबी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़।** कस्बा स्थित गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर बुधवार को गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ काफी कम रही। दोपहर तक आसपास के गांव से आए सभी उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेकर अपने-अपने घर वापस चले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा झबरेड़ा में बुधवार सुबह गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की लाइन लग गई। लेकिन दोपहर होते-होते सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने पर वह अपने-अपने घर चले गए। गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं लाइन खत्म होते ही गैस एजेंसी पर कार्यरत कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली। नोडल अधिकारी हर्षवर्धन का कहना है कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है लेकिन अफवाहों के कारण कई दिन तक गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर गैस सिलेंडर लेने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। बुधवार को गैस सिलेंडर लेने वाले सभी लोगों



को दोपहर तक गैस सिलेंडर मिल गए। बाद में कुछ लोग ही गैस सिलेंडर लेने के लिए आए किसी को भी निराश नहीं होना पड़ा।

## शराब पीकर बाप के साथ गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित शराब के नशे में अपने ही पिता से गाली-गलौज वमारपीट कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मानकपुर आदमपुर में विशाल नाम का एक युवक शराब के नशे में धुत होकर अपने पिता राजवीर के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।पुलिसकर्मियों ने युवक को काफी समझाने और शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन नशे में होने के कारण वह पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं हुआ और लगातार हंगामा करता रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने आरोपित विशाल को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर लिया। तथा कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## बीएसएम इंटर कॉलेज में गृह वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

# होनहार बच्चों को प्रबंधक व सचिव ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में गृह वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता प्रबंधक संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे ।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों से कहा की यह परीक्षा परिणाम छात्रों की पूरे साल की मेहनत होती है जिन छात्रों ने अच्छी मेहनत की है वह प्रथम द्वितीय और तृतीय आए हैं उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जिन बच्चों को कम अंक प्राप्त हुए हैं उन्हें और मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे वह आने वाली परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकें इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने स्काउट एनसीसी और छै मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और और स्मृति चिन्ह भेंट किया इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने प्रधानाचार्य ने और विद्यालय के अध्यापक और कर्मचारियों ने मां सरस्वती और कीर्ति शेष परम आदरणीय श्री मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने मुख्य अतिथियों का अपने विद्यालय में स्वागत किया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और फिर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट मुख्य अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत की मुख्य अतिथियों ने कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान



प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और ट्रॉफी प्रदान की मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपना शुभाशीष दिया प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें और मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे वह अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सके प्रधानाचार्य ने कहा मेहनत ही सफलता की कुंजी है मेहनत कर कर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक और मुख्य अतिथियों ने विद्यालय के सभी अध्यापकों और कर्मचारियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों ने जिस प्रकार मेहनत से बच्चों को पढ़ाया है उसी का परिणाम है कि बच्चे आज अच्छे नंबरों से पास हुए हैं और अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है आप निरंतर इसी प्रकार मेहनत करते रहे इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित कपिल परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढोडियाल नीरज वर्मा प्रमोद शर्मा द्वितीय पाली प्रभारी डी एन पांडे कमल मिश्रा पवन कपिल मोहित नीरज वर्मा शैलेंद्र पत विशेष जितेश विशाल शर्मा कमल मिश्रा और अभिभावक उपस्थित रहे।

# अब हज यात्री 6 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं तीसरी किस्त : खतीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखण्ड राज्य हज समिति ने हज यात्रा 2026 के लिए चयनित आवेदकों को राहत देते हुए तीसरी किस्त जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी।जिसे अब बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दिया गया है।

बुधवार को हज समिति कार्यालय से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद के प्रयासों से यह निर्णय लिया गया, जिससे उन आवेदकों को अतिरिक्त समय मिल सके जो अब तक अपनी शेष धनराशि जमा नहीं कर पाए थे।हज अधिशासी अधिकारी मोहम्मद



आरिफ खान ने बताया कि हज पर जाने वाले आवेदकों के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित किए गए हैं। जो आवेदक कुर्बानी का विकल्प चुन चुके हैं, उन्हें 86,580 रुपये प्रति व्यक्ति जमा करने होंगे। वहीं जिन्होंने कुर्बानी का विकल्प नहीं चुना है, उन्हें 69,300 रुपये प्रति व्यक्ति की राशि जमा करनी होगी। आवेदक यह भुगतान हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन (क्रेडिट/डेबिट कार्ड,

**❖कुर्बानी का विकल्प चुनने वालों को 86,580 रुपये प्रति व्यक्ति जमा करने होंगे**

नेट बैंकिंग या हज सुविधा ऐप) कर सकते हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में भी बैंक रेफरेंस नंबर के साथ राशि जमा की जा सकती है। समिति ने सभी आवेदकों से अपील की है कि वह 6 अप्रैल 2026 तक या उससे पहले भुगतान सुनिश्चित करें और पे-इन स्लिप या ऑनलाइन रसीद को उत्तराखण्ड राज्य हज समिति, हज हाउस पिरान कलियर में शीघ्र जमा कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा के भीतर भुगतान न करने पर आवेदकों की हज यात्रा प्रभावित हो सकती है।

## ई-रिक्शा चालकों से कर वसूली माफ करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद लक्सर क्षेत्र में ई रिक्शा चालकों ने अधिशासी अधिकारी लक्सर को पत्र देकर 10 रू. प्रति ई रिक्शा वसूले जा रहे कर को माफ करने की मांग की है। ई रिक्शा चालक पवन कुमार विजय कुमार मोनू कुमार ने बताया कि हम गरीब आदमी है और ई रिक्शा चला कर अपने बच्चों का पेट पालते हैं। उन्होंने कहा नगर निगम हरिद्वार व नगर निगम रुड़की में ई रिक्शा चालकों से कोई टैक्स या कर नहीं लिया जाता और लक्सर में लगातार प्रतिदिन एक ई रिक्शा से 10 रू. वसूले जाते हैं जो बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा ई रिक्शा चालकों पर ना कोई स्टैंड है और ना ही उनके लिए कोई जगह है जहां पर ई रिक्शा खड़ी कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी मजबूरी और गरीबी को देखते हुए प्रतिदिन वसूला जा रहा प्रति रिक्शा से 10 रू. कर माफ किया जाए। वहीं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लक्सर मोहम्मद कामिल ने कहा कि यह जो कर वसूला जा रहा है यह बहुत पहले से ठेका दिया जाता है और ठेकेदार के द्वारा प्रति ई रिक्शा से यह कर वसूला जाता है।

## मायके व ससुराल पक्ष के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना झबरेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत पाडली गेंदा गांव में एक विवाहिता को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के बीच जमकर लाठी-डंडे और सरिए चले। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर पुरकाजी मोहल्ला जाटान निवासी अब्दुल्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन गुलिस्ता का निकाह झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पाडली गेंदा निवासी इन्तसार के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। 28 मार्च की शाम गुलिस्ता ने रोते हुए फोन कर मायके वालों को बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है और उसे जान का खतरा है। सूचना मिलने पर जब अब्दुल्ला, उसके पिता फरमान और अन्य रिश्तेदार व मोहल्ले वाले पाडली गेंदा पहुंचे, तो वहां पहले से घात लगाए बैठे पति इन्तसार, ससुर ताहिर गुलशेर मुस्तकीम मुस्तफा नूर हसन तालिब व अखलाक द्वारा लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अब्दुल्ला का आरोप है कि सूचना देने पर पुलिस तो पहुंची, लेकिन आरोपितो ने उनके फोन छीन लिए और उन्हें एक कमरे में बंधक बना लिया। बाद में पुलिस ने उन्हें मुक्त कराया और आरोपितो ने पुलिस के सामने भी जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर निवासी पाडली गेंदा ताहिर ने भी पुलिस को तहरीर देकर पुत्रवधु के मायके पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। ताहिर का कहना है कि 28 मार्च की रात करीब 11 बजे बहु गुलिस्ता का भाई अब्दुल्ला, दीलनवाज, पिता फरमान और सास गुलशाना करीब 4 गाड़ियों में 20-25 अज्ञात लोगों को भरकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी, डंडों व सरियों से ताहिर, उसके बेटे इन्तसार, बेटी मुस्कान और पत्नी मुस्तफाई के साथ बेरहमी से मारपीट की। झगड़ा होने का शोर होने पर मोहल्ले वाले वहां आ गए । मोहल्ले वालों के मौके पर आनेपर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए गुलिस्ता को अपने साथ लेकर फरार हो गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कलियर पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए थाना कलियर पुलिस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों की मदद का संकल्प लिया। बुधवार को थाना परिसर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कमल मोहन भंडारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कमल मोहन भंडारी ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी हमेशा आगे रहती है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।रक्तदान शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने सभी आवश्यक जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। इस सराहनीय पहल को क्षेत्रवासियों ने खूब सराहा और पुलिस के इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की।

# किसान कांग्रेस कमेटी ने किया वरिष्ठ कांग्रेसियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला एवं महानगर किसान कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान एक बैठक किसान कांग्रेस नेता रामकिशन धीमान के आवास पर आयोजित की गई। रामकिशन धीमान का पगड़ी पहनाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। एवं बैठक में निर्णय लिया गया सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का इसी तरह स्वागत कर उनका मार्गदर्शन लिया जायेगा।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेठपाल परमार एवं किसान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष श्रवण गोस्वामी ने कहा कि भाजपा के शासन में लोग महंगाई की मार से त्रस्त है, ऐसी तानाशाही सरकार को जनता 2027 मे बदलने का काम करेगी,उन्होंने कहा की पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जाएगा,कलीम खान व सुभाष सैनी ने कहा कि आज आम जनता सिलेंडर और पेट्रोल के लिए लाइनों में है इस सरकार की नीतियों का परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र सोनू व उसकी पत्नी सोनिया व उनके बच्चों का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण हमने सोनू व सोनिया को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद सोनू व सोनिया के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अहसान पुत्र असगर व शमसीरा पत्नी अहसन निवासीगण 23 मौ. कडच्छ ज्वालपुर तह. व जिला हरिद्वार।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में ताशु दर्ज हो गया था जो गलत है मेरा नाम तनिष्का है जो सही है आज के बाद मुझे तनिष्का के नाम से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए।

**तनिष्का पुत्री राजपाल निवासी कुड़ी नेतवाला पोस्ट रायसी थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**

# वन विभाग ने पकड़ी खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग और खनन विभाग की संयुक्त सतर्कता में बजरी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान चालक वाहन का फ्यूज प्लग निकालकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

मामला मंगलवार देर रात का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान दादूवास की ओर से आती बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। टीम ने वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला।

वन विभाग की टीम ने पीछा करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को बीएसएम क्षेत्र के पास नेहरू नगर की एक गली तक घेर लिया। इसी दौरान सामने से आ रही खनन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दोनों ओर से घिरता देख चालक और उसका साथी ट्रैक्टर का फ्यूज प्लग निकालकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। सूचना पर वन क्षेत्र अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर-ट्रॉली को स्टार्ट करने का प्रयास किया गया, लेकिन फ्यूज



प्लग निकाले जाने के कारण वाहन चालू नहीं हो सका। बाद में मैकेनिक को बुलाकर ट्रैक्टर स्टार्ट कराया गया और उसे वन विभाग कार्यालय परिसर में खड़ा कर दिया गया। वन विभाग के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में बिना अनुमति के बजरी का परिवहन किया जा रहा था। वाहन को जब्त कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि श्रीमती फरहा मलिक पत्नी श्री मुजीब मलिक निवासी 131 सोलानीपुरम रूडकी ने 01.01.2024 को कोतवाली सिविल लाईन रूडकी में शिकायत दर्ज करायी थी और उसके बाद 19.03.2024 को एक सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित करायी थी जिसमें उन्होंने 11 मार्च 1999 की पुरानी विक्रय विलेख संख्या 979, जो कि उप पंजीयक कार्यालय रूडकी हि. क्रमांक 1, खण्ड सं. 2/138, पृष्ठ सं. 83 से 86 के अंतर्गम पंजीकृत है के गुम होने की सूचना दी थी। यह विक्रय विलेख उनकी 683 वर्ग मीटर की आवासीय संपत्ति स्थित 22/1 ग्राम बेलडी साल्हापुर, परगना व तहसील रूडकी, जिला हरिद्वार से संबंधित है जिसे श्रीमती फरहा मलिक ने तिलकराज के पुत्र राकेश कुमार से दिनांक 29 जुलाई 2015 को विक्रय विलेख सं. 6897 के माध्यम से अधिग्रहित किया।

उक्त विक्रय विलेख अभी तक बरामद नहीं हुआ है यदि यह विक्रय विलेख मिल जाये तो कृपया श्रीमती फरहा मलिक या पंजाब एण्ड सिंध बैंक रूडकी-247667 को सूचित करें। मो. नं0 01332-272570, 8005536462

# स्टांप ड्यूटी जमा न करने पर फर्म को किया नोटिस जारी

**रुड़की।** नगर निगम रुड़की ने विज्ञापन निविदा की शर्तों का पूर्ण अनुपालन न करने पर एक फर्म को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस नगर आयुक्त कार्यालय से जारी किया गया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में नगर निगम सीमा क्षेत्र के 76 यूनिपोल पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड प्रक्रिया के बाद संबंधित फर्म की 1,55,11,000 रुपये (जीएसटी रहित) की उच्चतम बोली स्वीकार की गई थी। निविदा शर्तों के तहत स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी पर अनुबंध निष्पादन किया जाना था, जिसकी राशि 3,10,220 रुपये बनती है। नगर निगम के अनुसार फर्म द्वारा उक्त शर्त का अभी तक अनुपालन नहीं किया गया है। नगर निगम प्रशासन ने नोटिस में निर्देशित किया है कि तीन दिवस के भीतर संबंधित धनराशि स्टांप पेपर के रूप में जमा कराई जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# युद्ध से बाहर जाता अमेरिका

मध्य-पूर्व में चल रहे ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका बाहर निकलने के संकेत दे रहा है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बातों पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह अपनी बातों पर ज्यादा नहीं टिकते और युद्ध पर दिए गए उनके बयान बेहद हास्यास्पद स्थिति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है, क्योंकि वह कभी जंग से बाहर निकलने की बात करते हैं तो दूसरे पल वह कह डालते हैं कि अमेरिकी सेना कभी भी ईरान के खर्गदीप पर धावा बोल सकती है। खबर आ रही है कि ट्रम्प भारतीय समय के अनुसार गुरुवार की सुबह 6:30 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। दुनिया की नजर इस बात पर लगी है कि ट्रम्प अपने संबोधन में किस तरह की घोषणा करते हैं, इसके पीछे खबर भी आ रही है कि ट्रम्प कभी भी युद्ध से हट सकते हैं। इस तरह की बातों पर ट्रम्प के सहयोगी इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तरफ से कोई प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है और न ही युद्ध में किसी तरह की तब्दीली देखने में आ रही है। हालात नित नए प्रयोग करते दिखाई दे रहे हैं। अब तक हर अच्छे बुरे काम में अमेरिका का साथ देने वाले नाटो देश अमेरिका से बराबर दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। पहले स्पेन और अब इटली ने भी अमेरिका के वायु यानों की आवा. जाही अपने यहां से बंद कर दी है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री भी सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि वह ईरान युद्ध में कोई हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं, क्योंकि उनके देश के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही उनके ऊपर कितना भी दबाव पड़े, वह इस संघर्ष में नहीं कूदेंगे। निश्चित रूप से ये तमाम बातें अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं हैं। यह अलग बात है कि जैसेकि आदत है कि ट्रम्प साफ कह रहे हैं कि हमें किसी की जरूरत नहीं है और इंग्लैंड के पास तो अपनी नैवी भी नहीं है। जाहिर है इस तरह की बातें एक खीज से ज्यादा कुछ नहीं हैं। हकीकत यह है कि ट्रम्प ईरान पर हमले के फैसले को लेकर दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। शायद यही कारण है कि वह अब इस युद्ध से निकलने के लिए सोच रहे हैं। वैसे भी जिस तरह अमेरिका में ही उनका विरोध हो रहा है, वह भी उनके सामने बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। हम तो यही चाहेंगे कि कुछ भी हो यह युद्ध किसी भी तरह बंद होना चाहिए, क्योंकि इस युद्ध का असर संघर्ष में लिप्त देशों पर ही नहीं बल्कि दुनिया पर पड़ रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि ट्रम्प को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति की तरफ लौटेंगे, क्योंकि उनका फैसला ही इस समय शांति का रास्ता हो सकता है।

## प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी



फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी, फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसके तहत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को इस रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को एक ही पहचान के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास से मुकाबला, किसकी होगी जीत





**शाहिद नकवी**

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल 2026 को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।ग्राउंड जीरो पर टीएमसी और बीजेपी कैडरों में हो-हल्ला शुरू हो गया है।बीजेपी यहां हिंदू पहचान और आदिवासी सम्मान के मिश्रण के साथ मैदान में है,जबकि टीएमसी क्षेत्रीय विकास और बंगाल की बेटी के नारे पर टिकी है। चुनावी आंकड़ों से इतर देखा जाए तो यह चुनाव ममता बनर्जी के लिए बिल्कुल आसान नहीं है।

उनको एक साथ कई मोर्चों पर भिड़ना पड़ रहा है। भाजपा की आक्रामक चुनावी रणनीति, पीएम मोदी की छवि, उनके सबसे भरोसेमंद मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव की आशंका, जनता उनको फिर क्यों मौका दे ए समझाने के लिए नए दावे, नए वादे और नए नारे गढ़ने पड़ रहे हैं।इसी लिए ममता बनर्जी ने इस बार अपनी चुनावी रणनीति एमएमवाई यानी मुस्लिम, महिला और युवा को ध्यान में रख कर बनाया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में 34 साल लंबे चले वामपंथी शासन को सत्ता से बेदखल किया था। साल 2011 में जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला तो न केवल उनके विरोधियों, बल्कि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने भी उनके शासन चलाने की क्षमता को लेकर शंका जाहिर की थी। उनकी राजनीतिक परिपक्वता को लेकर भी संशय जताया गया, लेकिन बीते पंद्रह सालों में इन शंकाओं और सवालों का जवाब खुद बंगाल की राजनीति ने ही दे दिया।ममता बनर्जी एक नहीं लगातार तीन बार राज्य की मुख्यमंत्री चुनी गईं और अब जब पश्चिम बंगाल एक बार फिर विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है, ममता बनर्जी चौथी बार तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बनकर चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। ऐसे में ममता अगर अपनी पार्टी को फिर से जीत दिलाती हैं, तो वह पश्चिम बंगाल की पहली ऐसी मुख्यमंत्री बन सकती हैं, जिन्होंने लगातार चार बार विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास बनाया हो, लेकिन क्या इतिहास रचना उनके लिए इतना आसान होगा? 2026 का यह चुनाव कई मायनों में ममता बनर्जी के लिए अब तक की सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा भी साबित हो सकता है।ऐसे में सवाल उठता है कि इस चुनाव में उनके सामने कौन-कौन सी राजनी. तिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हैं और क्या वह इनसे पार पा पाएंगी? साल 2021 में पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव जहां आठ चरणों में करवाया गया था, वहीं इस बार चुनाव आयोग चुनाव केवल दो चरणों में करा रहा है। ममता बनर्जी सरकार ने 2026 चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना, युवाओं के लिए भत्ता योजना, बुजुर्गों के लिए घर तक चिकित्सा सेवाएं, और किसानों के लिए विशेष बजट शामिल हैं। ममता की तत्परता, चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले तक हुई घोषणाएं यह दर्शाती है कि ममता बनर्जी इस बार के मुकाबले को आसान नहीं मानतीं और वह लोगों की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

असल में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मदद करने वाली श्लक्ष्मी भंडार स्कीमश में चुनाव से पहले भी वृद्धि की गई थी। उन्होंने इस बार मुसलमानों के साथ बहुसंख्यकों को भी साधने की कोशिश की है,तभी मुअज्जिनों के साथ पुरोहितों के मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला किया।इन योजनाओं का मकसद सीधे तौर पर आम जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देना है। इस लिए राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि ममता बनर्जी के लिए 2011 का चुनाव जहां वामपंथी शासन को हटाने का चुनाव था, वहीं 2026 का चुनाव बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को आने से रोकने की लड़ाई है। तभी उन्होंने भाजपा से पहले ही ध्रुवीकरण की कोशिश शुरू कर दी है,वह अपने भाषणों में कहती हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह जीवनशैली, खान-पान और मौलिक अधिकारों में भी हस्तक्षेप कर सकती है। फिर भी कागजों पर ए चुनाव जितना सहज लगता है वह ग्राउंड जीरो पर उतना ही मुश्किल है। क्यों कि इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प है। तृणमूल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, और एआईएमआईएम-जनता उन्नयन पार्टी गठबंधन के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रही है। वह इस लड़ाई के बीच आने वाली चुनौतियों की ओर भी इशारा करती हैं।जाहिर है कि ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती एंटी-इनकम्बेंसी यानी सत्ता विरोधी लहर है।यही नहीं कघनून-व्यवस्था, बेरोजगारी और विकास से जुड़े सवाल हैं, जिनका जवाब उन्हें देना पड़ेगा। एक और चुनौती एफआईआर की भी दिख रही है। यह ममता बनर्जी के लिए नकारात्मक और सकारात्मक, दोनों तरह से असर डाल सकता है। ममता ने इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी है, जिससे उनकी एक मजबूत नेता की छवि बनती है और उनके समर्थकों को एकजुट होने का संदेश भी जाता है, लेकिन इसके उलट बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने की आशंका अपने आप में ममता के लिए एक बड़ी चुनौती है। यह आम चर्चा है कि वोटर लिस्ट में बदलाव साल 2026 के चुनावों का सबसे ज्यादा विवादित पहलू बन गया है। इसके पीछे एतिहासिक तथ्य ए है कि आजादी के बाद यह पहला मौका है जब पश्चिम बंगाल में कुल वोटरों की संख्या पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुई है। राज्य में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख 66 हजार वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनावों में, राज्य में सात करोड़ 30 लाख 40 हजार रजिस्टर्ड वोटर थे और कोविड के दौर में भी 82.3 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यह भारत में वोटिंग के सबसे ऊंचे आंकड़ों में से एक है। ऐसे में इस साल भी लोग इतना ही बढ़-चढ़कर वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, यह देखने वाली बात होगी। वहीं बीते सालों में भ्रष्टाचार के अलग-अलग आरोप भी ममता बनर्जी के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी तृणमूल कांग्रेस के विरोध में पीडीएस स्कैम,कैटल स्कैम, टीचर रिक्रूटमेंट स्कैम, मंत्रियों, नौकरशाहों की गिरफ्तारी आदि मुद्दों की गूंज सुनाई दी थी।ममता के दावे या यूं कहें कि बड़बोलापन भी उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है, क्योंकि ममता बनर्जी ने कहा था कि वह एसआईआर के कारण वोटर लिस्ट से किसी का नाम नहीं कटने देंगी, उन्होंने ए भी कहा था कि वक्फ कानून को वह राज्य में लागू नहीं होने देंगी लेकिन यह दोनों ही वादे वह पूरा नहीं कर पाईं, तो इन दोनों ही चीजों को लेकर भी एक तबके में नाराजगी महसूस की जा सकती है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में वकघ्फ संशोधन विधेयक का बड़े पैमाने पर विरा. ेध हुआ था। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी स्थिति में राज्य में इसे लागू नहीं करने की बात कही थी। इस कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद जिले में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा भी हुई थी, लेकिन राज्य में एसआईआर के शोर के बीच ही ममता बनर्जी सरकार ने चुपके से इस कानून को लागू करने का फैसला कर लिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी यौन शोषण का कारण

**बहरहाल आखिरकार उस स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु व स्वयंभू शिवावतार के पाप का घड़ा फूट ही गया। एक महिला ने पिछले दिनों उसकी पुलिस में शिकायत की कि तीन साल से भी अधिक समय तक उसने अपने इसी कुचक्र में उसे उलझाए रखा। जबकि अनेक महिलाएं या तो डर के मारे या अपनी बदनामी के भय से खामोश रहीं। इसी महिला की शिकायत पर नासिक क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों उसके फार्म हाउस पर छापा मारा।**



**निर्मल रानी**

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आए दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी खबरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की खबरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दु:ख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहां तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सजा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों खासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को श्जबरन फंसायाश गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आए दिन इस तरह के नित नए मामले सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहां कैप्टन अशोक खरात उर्फ अशोक कुमार उर्फ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था। उसके करीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्एश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह खुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को कैप्टन बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था। वह स्वयं को रसूखदार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके श्पति की मौत का खतरा बताता तो किसी को कोई और परिवा. रिक संकट बता देता। किसी को उसका भविष्य खराब होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में शुद्धिकरण या रीतियों के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था और वहां गुप्त रूप से लगे सी सी टी वी कैमरों से उनकी वीडियो रिकॉर्ड करता। बाद में इसी वीडियो के माध्यम से शिकार की गई महिलाओं को डराता धमकाता। वह यह धमकी भी देता कि यदि उन्होंने किसी से इस श्घटना श का जिक्र किया तो उनके पति की जान जा सकती है और उसका पूरा परिवार बर्बाद हो सकता है। वह उन महिलाओं को वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता। और इसी के बहाने वह न केवल इन महिलाओं का बार-बार शारीरिक शोषण करता बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठता रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंका से लेकर मन तक, हर अंधकार पर विजय के प्रतीक





**प्रो. आर.के. जैन**

चैत्र पूर्णिमा की दिव्य चांदनी जैसे ही धरा पर बिखरती है, चारों ओर जय बजरंगबली का गगनभेदी जयघोष गूंज उठता है। मंदिरों की घंटियां, शंखनाद और भक्ति-स्वर यह अनुभूति कराते हैं कि पवनपुत्र का पावन जन्मोत्सव आ पहुंचा है। हनुमान जन्मोत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ समर्पण के उस अमर आदर्श का उत्सव है, जिसने युगों से असंख्य लोगों को हर संकट से जूझने की प्रेरणा दी है। कलियुग के भय, अंधकार और अस्थिरता के बीच हनुमान जी का अवतरण यह विश्वास जगाता है कि सच्ची श्रद्धा, राम-नाम और अडिग साहस से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। यही कारण है कि इस दिन भक्त उनके चरणों में शीश नवाकर अपने जीवन में शक्ति, निर्भयता और अटूट आस्था का वरदान मांगते हैं।

जब धर्म और शक्ति को नए प्रकाश की आवश्यकता थी, तब चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को माता अंजना और पिता केसरी के घर हनुमान जी का अवतरण हुआ। मान्यता है कि माता अंजना की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया। उसी समय पवन देव ने अपना दिव्य तेज अंजना के गर्भ में स्थापित किया, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। बाल्यकाल में उनकी अलौकिक शक्ति तब प्रकट हुई, जब उन्होंने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिया। तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और इंद्र के वज्र प्रहार से उनका जबड़ा घायल हो गया। तभी से वे हनुमान कहलाए। यह कथा केवल चमत्कार नहीं, बल्कि इस सत्य का प्रमाण है कि तप, ईश्वर-कृपा और समर्पण साधारण जीवन को असाधारण बना देते हैं।

रामायण में हनुमान जी का व्यक्तित्व जितना विराट है, उतना ही प्रेरक भी। जब माता सीता की खोज असंभव लग रही थी, तब उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुंचने का अद्वितीय साहस दिखाया। अशोक वाटिका में प्रभु राम का संदेश देकर उन्होंने निराशा में आशा जगा दी। रावण की सभा में वे निर्भीक होकर धर्म के पक्ष में खड़े रहे और अत्याचार बढ़ने पर लंका को अग्नि में जला दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर वे हिमालय पहुंचे और संजीवनी न पहचान पाने पर पूरा पर्वत उठा लाए। उनके हर पराक्रम में बल के साथ बुद्धि, निष्ठा, साहस और रामभक्ति की अमिट छाप दिखाई देती है। वे सिद्ध करते हैं कि सच्चा भक्त असंभव को भी संभव बना देता है। जहां अपार शक्ति अक्सर अहंकार को जन्म देती है, वहीं हनुमान जी उसका सबसे उज्ज्वल अपवाद हैं। वे केवल बल के प्रतीक नहीं, बल्कि विनम्रता, संयम और सेवा के सर्वोच्च आदर्श भी हैं। लंका दहन जैसे महान पराक्रम के बाद भी उन्हें अपने सामर्थ्य का कभी अभिमान नहीं हुआ। उन्होंने स्वयं को सदैव राम का दास माना। आज का युग सफलता और शक्ति को ही सबसे बड़ा मानता है, पर हनुमान जी सिखाते हैं कि भक्ति, अनुशासन और विनम्रता के बिना हर सामर्थ्य अधूरा है। वे बताते हैं कि अहंकार पतन की ओर ले जाता है, जबकि सेवा और समर्पण मनुष्य को महान बनाते हैं। इसी कारण हनुमान जी केवल देवता नहीं, बल्कि जीवन की ऐसी प्रेरणा हैं, जो युवाओं को साहस, विद्यार्थियों को एकाग्रता और समाज को सच्चे चरित्र का मार्ग दिखाती है। जब जीवन संकट, भय, निराशा और असफलता से घिर जाता है, तब हनुमान जी की भक्ति भीतर नई शक्ति जगा देती है। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड केवल पाठ नहीं, आत्मबल जगाने वाले दिव्य मंत्र हैं। संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा केवल चौपाई नहीं, करोड़ों भक्तों का अनुभव है। मान्यता है कि इनके पाठ से भय, ग्रह-पीड़ा और नकारात्मकता दूर होती है। हनुमान जी का स्मरण मन को स्थिर, विचारों को सकारात्मक और कठिन समय में आत्मविश्वास से भर देता है। इसी कारण कलियुग में उन्हें शीघ्र कृपा करने वाले और संकट हरने वाले देवता माना गया है। उनके नाम का स्मरण मात्र ही हृदय में साहस और अटूट विश्वास जगा देता है। हनुमान जन्मोत्सव का आगमन होते ही पूरा भारत भक्ति और उल्लास में डूब जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा, हवन, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज फैल जाती है। अयोध्या, वाराणसी, दिल्ली और मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जैसे तीर्थों में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं। भक्त व्रत रखते हैं, सिंदूर चढ़ाते हैं और लड्डू-बूरा का भोग अर्पित करते हैं। अनेक स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं, जिनमें हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं, गदा और राम-नाम की पताकाएं वातावरण को दिव्य बना देती हैं। युवा जय राम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ उत्साह से शामिल होते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक आस्था का विराट रूप बन जाता है। आज के अशांत और प्रतिस्पर्धी समय में हनुमान जी की शिक्षाएं पहले से अधिक आवश्यक हो गई हैं। भागदौड़, तनाव और असफलताओं के बीच मनुष्य स्वयं को कमजोर और अकेला महसूस करता है। ऐसे में हनुमान जी धैर्य, साहस और विश्वास का मार्ग दिखाते हैं। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयों से डरना नहीं, उनका सामना करना ही सच्चा पराक्रम है। विद्यार्थी उनसे एकाग्रता और परिश्रम सीखते हैं, युवा आत्मविश्वास और नैतिक बल पाते हैं, जबकि समाज उनसे निष्ठा और कर्तव्य का पाठ लेता है। हनुमान जन्मोत्सव के सत्संग और प्रवचन यह समझाते हैं कि जीवन की सबसे बड़ी विजय दूसरों पर नहीं, बल्कि अपने भीतर के भय, क्रोध, लोभ और अहंकार पर होती है। जब मनुष्य अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तभी जीवन का सच्चा अर्थ प्रकट होता है। हनुमान जन्मोत्सव यही संदेश देता है कि वास्तविक बल शरीर में नहीं, आत्मा में होता है। यह पर्व केवल हनुमान जी के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और धर्म के अमर आदर्श का स्मरण है। मंगल मूरति मारुति नंदन का जाप करते ही मन में राम-प्रेम, साहस और विश्वास जाग उठता है। इस पावन अवसर पर भय, नकारात्मकता और अहंकार को त्यागकर सेवा और समर्पण अपनाएं। संकटमोचन के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें, क्योंकि जब तक जय राम की ध्वनि गूंजेगी, तब तक जय बजरंगबली का प्रकाश भी अमर रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



लेबनान। बेरूत में हवाई अड्डे के पास इजरायली हवाई हमले के बाद सड़क पर एक इमारत से धुआं उठता दिखाई दिया।

## बेरूत में आवासीय इमारत पर हुए हमले में पांच लोगों की मौत

बेरूत। बेरूत के जनाह इलाके में एक आवासीय इमारत पर हुए इजरायली हवाई हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और करीब 10 अन्य घायल हो गए है। घटनास्थल पर मौजूद एक बचावकर्मी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि कम से कम पांच लोगों के शव एम्बुलेंस से ले जाए जा चुके हैं। करीब दस घायलों को भी अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से ज्यादातर को छर्रे लगने से चोटें आई हैं, अभी उनकी चोटों की गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि जिस सड़क पर इजरायली सेना ने तीन बार हमला किया, वहां कम से कम आठ पूरी तरह से जली हुई कारें और टूटी हुई खिड़कियां मिलीं। बेरूत के जनाह जिले में आज हुए सिलसिलेवार हुए तीन हमलों से हड़कंप मच गया।

# ईरान-इजरायल जंग में शामिल हो सकता है यूएई

## होर्मुज को जबरन खोलने में अमेरिका की मदद करेगा, यूएन में सिक्योरिटी फोर्स के लिए प्रस्ताव

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यूएस-ईरान जंग में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी कर रहा है। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक प्रस्ताव लाने की कोशिश कर रहा है।

इस प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को जबरन खोलने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी जा रही है। इसके तहत हार्मुज सिक्योरिटी फोर्स बनाई जाएगी, जो जहाजों की सुरक्षा तय करेगी। होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। ईरान ने इसे बंद कर रखा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। यूएई पहला खाड़ी देश बन सकता है जो इस जंग में सीधे हिस्सा लेगा। हाल में ईरान ने यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज किए हैं। अब तक करीब 2500 हमले हुए हैं, जिनमें एयरपोर्ट, रिहायशी इमारत और आयल फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा है। यूएई अमेरिका, यूरोप और एशिया से



■ होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है

अपील कर रहा है कि वे गठबंधन बनाकर स्ट्रेट को सुरक्षित करें। ईरान अपनी जान बचाने के लिए लड़ रहा है, इसलिए वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने को तैयार है। यूएई का मानना है कि अगर यूएनैब से प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाए तो वर्तमान में झिझक रहे एशियाई और यूरोपीय देश भी हार्मुज को खुलवाने में मदद करने के लिए आगे आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस और चीन इस प्रस्ताव को वीटो (रोक) कर सकते हैं। रिपोर्ट में खाड़ी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भले ही प्रस्ताव पास न हो, यूएई फिर भी सैन्य प्रयासों में समर्थन देने के लिए तैयार है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से यूएई की तेल आपूर्ति, शिपिंग और खाद्य आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह इसे अपनी अर्थव्यवस्था की लाइफलाइन मानता है। यूएई माइंस हटाने, लाजिस्टिक सपोर्ट देने और अमेरिकी नेतृत्व वाले ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाने पर विचार कर रहा है। उसके पास जेबेल अली पोर्ट, एयरबेस और आधुनिक फाइटर जेट जैसे संसाधन मौजूद हैं। यूएई ने अमेरिका से यह सुझाव भी दिया है कि वह हार्मुज में स्थित द्वीपों, खासकर अबू मूसा द्वीप पर कब्जा कर ले। ईरान पिछले लगभग पांच दशकों से इस द्वीप पर कब्जा किए हुए है, लेकिन यूएई इसे अपना बताता है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पास 3 द्वीप हैं जिन्हें लेकर विवाद है। ये तीनों द्वीप रणनीतिक रूप से बेहद अहम माने जाते हैं। इन्हें लेकर ईरान और यूएई के बीच विवाद है।

## ईरानी नागरिकों के यूएई में प्रवेश पर प्रतिबंध

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अब केवल उन्हीं ईरानी नागरिकों के प्रवेश करने की अनुमति है जिनके पास यूएई गोल्डन वीजा है। एमिरेट्स एयरलाइंस ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ईरानी नागरिकों के प्रवेश और पारगमन पर प्रतिबंध है। एमिरेट्स और एतिहाद के साथ-साथ कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाई दुबई ने भी अपनी वेबसाइटों पर यह घोषणाएं की हैं। फ्लाईदुबई ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध गोल्डन वीजा वाले ईरानी नागरिकों पर लागू नहीं होता है। अपने पासपोर्ट और वीजा अनुभाग में, एयरलाइन ने उल्लेख किया कि नागरिकता पर प्रतिबंध। ईरानी नागरिकों को प्रवेश या पारगमन की अनुमति नहीं है। अपवाद स्वरूप वहीं ईरानी नागरिक प्रवेश और पारगमन कर सकते हैं, जिनके पास गोल्डन वीजा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लास वेगास में एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में लास वेगास के उत्तर में एक एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अमरीकी वायु सेना की एक प्रवक्ता ने रिया नवोस्ती को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार को नेलिस एएफबी का एक एफ-35 विमान लास वेगास के उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना नेवादा के इंडियन स्प्रिंग्स से लगभग 25 मील उत्तर-पूर्व में, नेवादा टेस्ट एंड ट्रेनिग रेंज के नियंत्रित हवाई क्षेत्र और प्रतिबंधित संघीय संपत्ति के भीतर हुई।

### रूसी वायु रक्षा ने मार्च में 11211 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने मार्च में अपने क्षेत्र के ऊपर कम से कम 11211 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित गणनाओं के अनुसार दी गई है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा ड्रोन दो और नौ मार्च को मार गिराए गए जिनमें क्रमश: 679 और 754 यूनिट है। हमलों का सबसे बड़ा हिस्सा रूस के यूरोपीय हिस्से को निशाना बना रहा था। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने फरवरी में कम से कम 5989 यूक्रेनी ड्रोन को रोका था।

### रूस में विमान दुर्घटना में चालक दल समेत 29 की मौत

**मॉस्को।** रूस के एएन-26 विमान दुर्घटना में चालक दल के छह सदस्यों और 23 यात्रियों की मौत हो गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि सैन्य परिवहन विमान एएन-26 क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था, जब उससे संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि खोज और बचाव दल ने एएन-26 के दुर्घटनाग्रस्त होने के स्थान का पता लगा लिया है। घटनास्थल से मिली रिपोर्टों के अनुसार, चालक दल के छह सदस्यों और सवार 23 यात्रियों की मृत्यु हो गई है।

# अराघची ने किया यूएस से बातचीत से इन्कार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा: तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने साफ किया कि तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है। अराघची ने बताया कि पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्षों पहले एक समझौता हुआ था, लेकिन अमेरिका बिना किसी ठोस वजह के उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल और इस साल भी अमेरिका के साथ बातचीत हुई, लेकिन उसका नतीजा केवल अमेरिकी हमले के रूप में सामने आया। मौजूदा तनाव के बीच विदेश मंत्री ने सैन्य तैयारियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना किसी भी संभावित अमेरिकी जमीनी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीनी हमला करना उसकी एक बड़ी गलती होगी। अराघची ने कहा कि हम उनका इंतजार कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसी हिम्मत करेंगे। वहां उनका सामना करने के लिए बहुत बड़ी ताकत तैयार बैठी है। ईरानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि अमेरिकी सेना को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के रडार, विमान और ईंधन ले जाने वाले टैंकरों को नुकसान पहुंचा है। अराघची के अनुसार, ईरान अपनी रक्षा करना अच्छी तरह जानता है। जमीनी जंग में वह और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उसने पूरी ताकत से अपना बचाव किया है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलमार्ग के बारे में उन्होंने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि यह रास्ता फिलहाल केवल उन लोगों के लिए बंद है जो ईरान के साथ युद्ध कर रहे हैं। अराघची ने तर्क दिया कि यह जलमार्ग ईरान और ओमान की समुद्री सीमा में आता है। इसलिए इसका प्रबंधन करना इन दोनों देशों के लिए सामान्य बात है। उन्होंने कहा युद्ध के समय यह सामान्य है कि दुश्मन को व्यापार के लिए अपने समुद्री रास्तों का इस्तेमाल न करने दिया जाए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता मिल रहा है। कुछ अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने सुरक्षा और ऊंचे बीमा की वजह से इस रास्ते से दूरी बनाई है, लेकिन तेहरान अपने दोस्तों का ख्याल रख रहा है। अराघची ने दोहराया कि युद्ध के बाद इस जलमार्ग की स्थिति क्या होगी, इसका फैसला ईरान और ओमान ही करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में यह फिर से शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए एक सुरक्षित रास्ता बन सकता है। फिलहाल, ईरान को अमेरिका पर भरोसा करने या भविष्य की बातचीत से किसी अच्छे नतीजे की कोई उम्मीद नहीं है।



■ अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है
■ पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं

## हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार जमशेद इशाकी की मौत

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मेजर जनरल जमशिद इशाकी अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर अहमद वाहिदी ने मंगलवार को आईआरईबी ब्रॉडकास्टर द्वारा प्रकाशित एक बयान में कहा कि जमशेद इशाकी एक आपराधिक अमेरिकी-इजरायली हमले के परिणामस्वरूप अपने परिवार के कई सदस्यों के साथ मारे गए। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया था कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए उनका हमला आवश्यक था लेकिन जल्द ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं।

## अर्जेंटीना ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सरकार ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। बयान में यह याद दिलाया गया कि देश ने 1990 के दशक में दो आतंकवादी हमलों का सामना किया था। पहला हमला इजरायली दूतावास पर और दूसरा ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सांस्कृतिक केंद्र पर हुआ था। इन हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान ने फिर शुरू की बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने एक बार फिर वार्ता शुरू की है। चीन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा है और संघर्षविराम कराने की कोशिश में जुटा है। एक महीने से जारी संघर्ष को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन की मध्यस्थता की जानकारी रखने वाले एक तीसरे व्यक्ति ने बताया कि इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य मौजूदा संघर्ष को खत्म करना है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों देशों के प्रतिनिधि उत्तरी चीन के उरुमकी शहर में बैठक कर रहे हैं।

अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि उन्हें मीडिया से बातचीत की अनुमति नहीं दी। हालांकि, चीन की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस घटनाक्रम की नतो पुष्टि की है और न ही इससे इन्कार किया है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में हमलों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। इसके कारण दोनों देशों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान आतंकियों को पनाह देता है, खासकर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को। यह संगठन अफगान तालिबान से जुड़ा माना जाता है, जिसने 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता संभाली थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान इन आरोपों से इन्कार करता है। कई महीनों से दोनों देशों के बीच जारी गहमागहमी के बाद फरवरी से दोनों देशों के बीच लड़ाई तेज हुई है, जो दशकों में सबसे गंभीर मानी जा रही है। इस दौरान दोनों देशों की ओर से कई बार सीमा पार हमले और हवाई हमले हुए हैं। अफगानिस्तान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने काबुल में हवाई हमले किए, जिसमें सैकड़ों आम लोग मारे गए। हालांकि, पाकिस्तान ने इस दावे को खारिज किया। दूसरी ओर, पिछले महीने पाकिस्तान ने इसे 'खुला युद्ध' जैसा बताया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है, क्योंकि इस क्षेत्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकी संगठन सक्रिय हैं। हाल ही में सऊदी अरब, तुर्की और कतर की मध्यस्थता से ईद-उल-फितर से पहले एक अस्थायी युद्ध विराम हुआ था। लेकिन वह टूट गया। फिर से लड़ाई शुरू हुई।

■ दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की कोशिशों में जुटा चीन

## यूरोप के दस देशों ने लेबनान में संघर्ष रोकने का आह्वान किया

**लंदन।** दस देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने लेबनान में युद्धविराम का आह्वान किया और देश की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति समर्थन व्यक्त किया। एक संयुक्त बयान में यह आह्वान किया गया, जिस पर बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, फ्रांस, ग्रीस, इटली, माल्टा, नीदरलैंड, पुर्तगाल और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी इस बयान में कहा गया कि हम सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और शत्रुता की समाप्ति के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 (2006) पर लौटने का आह्वान करते हैं। हम इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर जमीनी अभियान सहित संघर्ष के और अधिक विस्तार से बचने का आह्वान करते हैं। हम दृढ़ता से पुष्टि करते हैं कि लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। इन दस देशों ने संघर्ष के कारण 10 लाख से अधिक लोगों के जबरन विस्थापन पर भी चिंता व्यक्त की और नागरिकों, मानवीय कर्मियों, शांति सैनिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा का आह्वान किया। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को शुरू हुआ, जब क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हिजबुल्लाह ने इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट हमले फिर से शुरू कर दिए थे।

## अमेरिका के ह्यूस्टन में धूमधान से मनाया गया बिहार दिवस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन स्थित इंडिया हाउस में बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया गया। भारतीय वाणिज्य दूतावास की महत्वपूर्ण भागीदारी में बिहार के लोगों ने स्थापना दिवस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इसे धूमधाम से मनाया। बिहार फाउंडेशन (टेक्सास चैप्टर), बीएएनए, बीएएएनए और एएमबीयूजे की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी जुड़ाव, बिहार की पहचान को बढ़ावा देना और नए अवसरों को प्रोत्साहित करना था।

# बगदाद में बीच सड़क से अमेरिकी पत्रकार का अपहरण

## जबरन गाड़ी में खींचकर ले गए अज्ञात हमलावर, अमेरिकी दूतावास ने इराक न जाने की दी थी सलाह

**बगदाद।** अमेरिका की फ्रीलांस पत्रकार शैली किटल्सन का इराक की राजधानी बगदाद में अपहरण कर लिया गया। अज्ञात हमलावरों ने शैली को अल-सादून स्ट्रीट पर स्थित बगदाद होटल के पास से अगवा किया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें अपराधी, पत्रकार को जबरन गाड़ी में खींचकर ले जाते नजर आ रहे हैं। इराक के गृह मंत्रालय ने भी घटना की पुष्टि की है, हालांकि उसने पत्रकार की पहचान सार्वजनिक नहीं की। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जिसके बाद सुरक्षा बलों को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा गया। कुछ समय से वह न्यूज वेबसाइट अल-मानिटर के लिए रिपोर्टिंग कर रही थी। इसी वेबसाइट के मुताबिक अमेरिकी सरकार ने पत्रकार को सुरक्षा वजहों से इराक की यात्रा न करने की सलाह भी दी थी। शैली किटल्सन युद्ध क्षेत्रों में रिपोर्टिंग के लिए जानी जाती हैं और उन्हें 2017 में प्रेमियो कारावेला अवार्ड मिल चुका है। वह मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट, खासकर इराक और सीरिया से जुड़ी रिपोर्टिंग करती रही हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर अपहरणकर्ताओं का पीछा किया। इस दौरान अपहरण में इस्तेमाल हो रही एक गाड़ी पलट गई, जिससे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और कुछ वाहन भी जब्त किए गए। हालांकि पत्रकार को ले जा रही दूसरी गाड़ी मौके से फरार हो गई और वह बगदाद के दक्षिण की ओर निकल गई। दो इराकी सुरक्षा अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि अपहरण की शिकार पत्रकार एक अमेरिकी महिला हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हथियारबंद लोग उनकी गाड़ी रोककर उन्हें जबरन बाहर निकालते दिख रहे हैं। सउदी अरब के चौनल अल-अरबिया ने इस कथित अपहरण का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फलहाल यह साफ नहीं है कि यह घटना मिडिल ईस्ट में चल रही जंग से जुड़ी है या नहीं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों द्वारा पहले भी विदेशी नागरिकों और अमेरिकी हितों को निशाना बनाया जाता रहा है।



# पश्चिम एशिया की स्थिति पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया क्षेत्र की बदलती स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा लोगों को घबराहट में खरीदारी से बचना चाहिए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग तथा विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ईंधन की उपलब्धता, समुद्री संचालन, क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को प्रदान की जा रही सहायता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों पर जानकारी साझा की।

■ ईंधन सहित बीज और उर्वरक की देश में पर्याप्त मात्रा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस संदर्भ में मीडिया को जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ 2026 के लिए देश में पर्याप्त बीज उपलब्ध हैं और किसी भी चरण में कृषि इनपुट और रसायनों की कोई कमी नहीं। उन्होंने कहा कि इन चीजों की उपलब्धता को और बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि जिंसों की कीमतें स्थिर हैं और उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है सरकार ने वैश्विक विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम किया है।







